''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 47 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए रविवार, 16 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## हरियाणा सरकार सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से कर रही है प्रदेश का एक समान विकास : नायब सिंह सैनी

**प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य में हरियाणा का होगा अहम योगदान**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा व देश में राजनीति के मायनों को बदला : नायब सिंह सैनी**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास विजन के अनुरूप तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना से प्रदेश का एक समान विकास कर रही है। सरकार का उद्देश्य हर क्षेत्र का विकास और हर नागरिक का उत्थान सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री के विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में हरियाणा का योगदान अहम होगा और विकसित भारत के साथ-साथ हरियाणा भी विकसित बनेगा। मुख्यमंत्री आज जिला यमुनानगर के जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी की सरकार का हिसाब मांग रहे थे। उन्होंने पिछले दो कार्यकालों में जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि पिछले 10 सालों में लगभग 707 रुपये की राशि विकास कार्यों पर खर्च की गई है, जबकि कांग्रेस के 10 सालों में केवल 351 करोड़ रुपये खर्च किये गये। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। तीसरे कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के कामों में तीन गुणा तेजी लाएंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए यमुनानगर-पंचकूला राष्ट्रीय राजमार्ग नम्बर-73 का निर्माण 1,112 करोड़ रुपये की लागत से किया है। नई उप-तहसील प्रताप नगर गठित की गई। छछरौली को उपमंडल बनाया गया। दादुपर से हमीदा हैड तक नई नहर 275 करोड़ रुपये से लागत से बनाई जा रही है। हथिनीकुंड बैराज पर 146 करोड़ रुपये की लागत से डाया फार्म वॉल का निर्माण किया जा रहा है। टूरिज्म हब बनाने के लिए हथनीकुंड बैराज के समीप पार्क की रेनोवेशन व सौंदर्यीकरण का कार्य 11 करोड़ 58 लाख रुपये की लागत से किया गया। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में सड़कों, भवनों पुलों, आर.ओ.बी., आर.यू.बी. तथा मंडियों के विकास पर 177 करोड़ 56 लाख रुपये खर्च किए गए। खिजराबाद का नाम बदलकर प्रताप नगर किया गया। वहां बस अड्डे के भवन का निर्माण 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से किया गया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा व देश में राजनीति के मायनों को बदला**

नायब सिंह सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने भी प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगाते हुए भाजपा सरकार बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा व देश में राजनीति के मायनों को बदला है और समान रूप से हरियाणा का विकास किया है। उसी का परिणाम है कि इस बार भी हरियाणा के लोगों ने नॉनस्टॉप तीसरी बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का काम किया है। इसलिए उन्हें विश्वास है कि जनता प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्थानीय सरकारों के चुनावों में भी कमल खिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी निकाय चुनाव चल रहे हैं। इन चुनावों के बाद सरकार तीन गुना गति से हरियाणा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का काम करेगी। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल बडोली, विधायक श्री घनश्याम अरोड़ा और पूर्व मंत्री श्री कंवर पाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## हर भारतीय को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा

**देश के 200 जिला स्तरीय अस्पतालों में इसी वर्ष स्थापित होंगे कैंसर डे केयर सेंटर**

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बाढ़सा गांव में स्थित राष्ट्रीय कैंसर संस्थान एम्स टू में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, रेडियो न्यूक्लिड थेरेपी वार्ड और नि :शुल्क जेनेरिक औषधालय जनता को किए समर्पित**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा ने कहा कि हर भारतीय तक विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और डॉक्टर्स व वैज्ञानिकों की मेहनत से इस दिशा में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। पहले कैंसर जैसे इलाज के लिए घर और जमीन बिक जाती थी। अब प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना और कैंसर की दवाइयों के सस्ती होने से सभी कैंसर पीड़ित अपना इलाज करवा पा रहे हैं। जेपी नड्डा राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, बाढसा झज्जर में कैंसर पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार से पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एनसीआई में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, रेडियो न्यूक्लिड थेरेपी वार्ड और नि:शुल्क जेनेरिक औषधालय जनता को समर्पित किए। उन्होंने इस दौरान राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में मौजूद सुविधाओं का जायजा भी लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 1998 से पहले देश में केवल एक एम्स था। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 16 और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने अभी तक 22 एम्स बनाएं हैं। मेडिकल के क्षेत्र में मानवतावादी सोच के साथ अनुसंधान और नवाचार को फोकस किया गया है। सरकार लोक हित में नीति बना रही है। डॉक्टर्स, पैरा मेडिकल और वैज्ञानिक मेहनत कर रहे हैं। अब कैंसर के इलाज के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि छः साल पहले शुरू किया गया यह राष्ट्रीय कैंसर संस्थान आज वैश्विक स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा देश के 200 जिलों में कैंसर डे-केयर सेंटर शुरू करने जा रहे हैं और तीन वर्षों में देश के हर जिले में यह सुविधा होगी। सेमिनार के दौरान केंद्रीय मंत्री ने चिकित्सा के क्षेत्र में समाज सेवा कर कर रहे नागरिकों और संस्थाओं को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव श्री ओम प्रकाश धनखड़, एम्स के निदेशक डॉ एन श्रीनिवासन, डीन एकेडमिक डॉ के के वर्मा, स्वास्थ्य मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव जयदीप मिश्रा, देशभर के कैंसर विशेषज्ञ, वैज्ञानिक और स्कॉलर मौजूद रहे।

# नीति आयोग ने दिखाया बीजेपी को आईना, शिक्षा क्षेत्र में पिछड़ा हरियाणा : हुड्डा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि नीति आयोग ने एकबार फिर बीजेपी की प्रदेश सरकार को आईना दिखाया है। नीति आयोग की रिपोर्ट से पता चला है कि उच्च शिक्षा के मामले में हरियाणा अन्य राज्यों से कहीं ज्यादा पीछे है। यहाँ तक कि अपने निकटतम पड़ोसी राज्यों से भी हरियाणा पिछड़ गया है। रिपोर्ट के लिए शिक्षा के लिए वित्तपोषण, रैंकिंग और गुणवत्ता को आधार बनाया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट में पता चलता है कि विश्वविद्यालय रैंकिंग के मामले में भी हरियाणा के अन्य राज्यों की तुलना में खराब प्रदर्शन कर रहा है।

हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार पड़ोसी राज्यों की तुलना में शिक्षा क्षेत्र के लिए कम बजटीय आवंटन कर रही है। यहां तक कि 2 साल पहले हरियाणा सरकार ने राज्य के सार्वजनिक विश्वविद्यालयों को अनुदान सहायता के स्थान पर ऋण देने का प्रस्ताव रखा था। बीजेपी के शिक्षा के प्रति उदासीन रवैये के चलते उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट रेट लगातार बढ़ रहा है और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के कोर्स में बड़ी संख्या में सीटें खाली रह रही हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि हरियाणा में पड़ोसी राज्यों की तुलना में उच्च शिक्षा का घनत्व भी कम है। लेकिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बड़ी संख्या में नियमित शिक्षकों की कमी भी चिंता का विषय बनी हुई है।

पिछले दिनों ही खबर आई थी कि सिरसा के कालांवली के स्कूल में 96 छात्राओं के लिए सिर्फ एक गेस्ट टीचर की नियुक्ति की गई है। उसी टीचर पर सभी क्लास की छात्राओं को पढ़ाने, स्कूल का रिकॉर्ड मेंटेन करने, मीटिंग्स में जाने व मिड डे मील तक की जिम्मेदारी है। यह खबर बताती है कि बीजेपी सरकार ने प्रदेश के शिक्षा तंत्र की क्या हालत बना दी है। क्योंकि सिर्फ कालांवली में ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के सरकारी स्कूलों का यही हाल है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बताया कि प्रदेश के 28 प्राइमरी स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। 262 ऐसे स्कूल हैं, जहां सिर्फ 1 से लेकर 10 तक ही विद्यार्थी हैं। 520 ऐसे स्कूल हैं, जहां 11 से लेकर 20 तक ही विद्यार्थी हैं। 8 मिडिल स्कूल ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की संख्या शून्य है। 12 स्कूल ऐसे हैं जहां विद्यार्थियों की संख्या 1 से 10 है और 73 ऐसे हैं जहां संख्या मात्र 11 से 20 है। एक हाई स्कूल भी ऐसा है, जहां एक भी विद्यार्थी नहीं है। यह आंकड़े चीख-चीख कर बीजेपी सरकार की शिक्षा नीति की पोल खोल रहे हैं।

बीजेपी ने हरियाणा के सरकारी शिक्षा तंत्र का बंटाधार कर दिया है। इसके चलते सरकारी शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों की संख्या घट रही है और उनपर ताले लगाए जा रहे हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पिछले साल के मुकाबले इसबार भी 27,000 कम दाखिले हुए हैं। जबकि अगर सरकार की शिक्षा नीति बेहतर होती तो इन दाखिलों में इजाफा होना चाहिए था। लेकिन सरकार जानबूझकर ऐसी नीतियां बना रही है, जिसके चलते लगातार शिक्षा निजी हाथों में जा रही है।

हुड्डा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में दलित, पिछड़े वर्ग, गरीब व किसान वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं। लेकिन बीजेपी इन वर्गों को हरेक सुविधा और शिक्षा से वंचित करना चाहती है। इसीलिए नए स्कूल



बनाना तो दूर, बीजेपी सरकार पहले से स्थापित स्कूलों में बिजली, पानी, टॉयलेट और बैठने के लिए बैंच तक मुहैया नहीं करवा रही है।

सरकारी स्कूलों की खस्ता हालत से नाराज होकर पिछले दिनों हाई कोर्ट ने बीजेपी-जेजेपी सरकार पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। सरकार द्वारा हाई कोर्ट में दिए गए हलफनामे से पता चलता है कि आज हरियाणा के 131 सरकारी स्कूलों में पीने का पानी तक नहीं है। 236 स्कूलों में बिजली कनेक्शन नहीं दिया गया। हर घर शौचालय का नारा देने वाली सरकार ने 538 स्कूलों में लड़कियों के लिए एक भी शौचालय नहीं बनवाया। 1047 स्कूलों में तो लड़कों के लिए भी शौचालय नहीं है। छात्रों के लिए स्कूलों में 8240 और क्लासरूम की जरूरत है। यही वजह है कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

आज भी खुद शिक्षा मंत्री मानते हैं कि स्कूलों में टीचर्स की भारी कमी है और ड्रॉप आउट रेट बहुत ज्यादा है। बावजूद इसके सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे। बीजेपी को बताना चाहिए कि 10 साल से सत्ता में होने के बावजूद बीजेपी ने स्कूलों की हालत सुधारने के लिए क्या किया? बीजेपी ने सत्ता में आते ही टीचर्स और खासकर जेबीटी टीचर्स की भर्तियां क्यों बंद कर दी? इस सरकार ने 10 साल में अब तक एक भी जेबीटी की भर्ती क्यों नहीं की? क्यों साल से शिक्षा विभाग में करीब 50 हजार पद खाली पड़े हुए हैं? क्यों कॉलेजों में 4738 सहायक प्रोफेसर्स के पद खाली पड़े हुए हैं? क्यों प्रदेश सरकार शिक्षा पर जीडीपी का महज 2% खर्च करती है, जबकि नई शिक्षा नीति 6% खर्च करने की सिफारिश करती है?

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में बेहतरीन शिक्षा व्यवस्था स्थापित की थी। इसके लिए महेंद्रगढ़ में केंद्रीय विश्वविद्यालय बनवाया गया था था। प्रदेस में 12 नए सरकारी विश्वविद्यालय बनवाए, 154 नए पॉलिटेक्निक कॉलेज, 56 नए आईटीआई, 4 नए सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज खोले गए थे। बाबा साहेब अंबेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी बनाई। प्रदेश में आईआईएम, आईआईटी एक्सटेंशन, ट्रिपल आईटी कैंपस जैसे राष्ट्रीय स्तर के दर्जनभर संस्थान स्थापित करवाए थे। साथ ही राजीव गांधी एजुकेशन सोसाइटी सोनीपत में बनवाई, जिसमें देश की कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी बनी हैं।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान 2623 नए स्कूल बनाए गए, 1 नया सैनिक स्कूल रेवाड़ी, 6 नए केंद्रीय विद्यालय बनवाए और हर जिले में DIET खोले थे। कांग्रेस ने 25000 जेबीटी, 25000 टीजीटी-पीजीटी, स्कूल स्टाफ, 50000 यूनिर्वसिटी, इंस्टिट्यूट स्टाफ समेत शिक्षा विभाग में 1 लाख से अधिक नौकरियां दी थीं। जबकि बीजेपी सरकार में करीब 50 हजार पक्के पद खाली पड़े हुए हैं।

## नामांकन के बाद जनता में बढ़ी गोस्वामी परिवार की लोकप्रियता

**समाचार गेट/सुमित गोयल**



**बल्लभगढ़।** जहां नगर निगम के चुनावों को लेकर सभी तैयारी कर रहे हैं वहीं वार्ड नंबर 41 से निर्दलीय पार्षद पद के प्रत्याशी के रूप में गोस्वामी परिवार से विनोद गोस्वामी ने नामांकन भरकर चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोक दी है। विनोद गोस्वामी से जब पूछा गया कि वार्ड 41 की जनता उन्हें किस प्रकार से सपोर्ट करेगी और उसका आधार क्या होगा। जिस पर विनोद गोस्वामी ने कहा कि हमारे परिवार के पास पूरे फरीदाबाद की जिम्मेदारी मेयर के रूप में रही है और हमने उस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है हमने अपने काम और अपनी प्रतिष्ठा के बल पर यह चुनाव लड़ रहे हैं ना की भाजपा या कांग्रेस की टिकट पर और उन्होंने कहा हमारे समर्थको और समाजसेवियों के आग्रह पर हमने अपना नामांकन भारा है। अब यह चुनाव मेरा नहीं बल्कि वार्ड नंबर 41 की जनता का है हमें विश्वास है कि हमें फिर से जनता की सेवा का मौका मिलेगा। और गोस्वामी परिवार को किसी पद की भूख नहीं है गोस्वामी परिवार वर्षों से पब्लिक की सेवा करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे।

# फरीदाबाद की जनता बनाएगी ट्रिपल इंजन सरकार: राजेश नागर

**भाजपा के पार्षद उम्मीदवारों ने मंत्री राजेश नागर से मिलकर जताया आभार, मिठाई खिलाकर मांगा आशीर्वाद**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** नगर निगम चुनाव के लिए आज भारतीय जनता पार्टी ने फरीदाबाद के सभी 46 वार्डों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए। इनमें से तिगांव विधानसभा के घोषित उम्मीदवारों ने मंत्री राजेश नागर से मिलकर उनका आभार जताया और मिठाई खिलाकर आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने कहा कि फरीदाबाद की जनता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने के लिए एकदम तैयार है।

2 मार्च को मतदान के बाद जब 12 मार्च को नतीजे आएंगे तो जनता के चेहरे खिल उठेंगे क्योंकि पार्षदों के चुनाव होने के बाद उनके विकास कार्यों में और तेजी आएगी। नागर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने जनता की सरकार बनाने का जो बीड़ा उठाया है वह निरंतर जारी है, और हमारे नेतृत्व ने आम कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपना उम्मीदवार बनाकर एक बार फिर यह बता दिया है कि वह अपने कार्यकर्ता का सम्मान करना जानते हैं। इसलिए जनता के दुख दर्द को समझने वाले नेताओं के हाथ में नेतृत्व सौंप रहे हैं।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सभी उम्मीदवार बड़े अंतर के साथ चुनाव जीतेंगे। सभी 46 वार्ड समेत मेयर का पद भी भारतीय जनता पार्टी की झोली में आएगा और वह विकास की नई इबारत लिखने के लिए एकदम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि हम समान विकास करने के लिए संकलपित हैं और यह भारतीय जनता पार्टी की नीति और नियत दोनों को दर्शाता है। उन्होंने सभी घोषित उम्मीदवारों को निश्चित होकर जनता के दरवाजे जाने के लिए कहा और स्वयं भी डोर टू डोर वोट मांगने की बात कही। नागर ने कहा कि तिगांव विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें बड़ी संख्या में वोट देकर विधानसभा पहुंचाया है और वही जनता अब अपने निगम पार्षदों को भी भारी मतों के साथ जिताकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी।

## नामांकन प्रक्रिया के पांचवे दिन 75 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

### 18 फरवरी को होगी नामांकन पत्रों की जांच

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** जिला में जारी निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को नगर निगम मानेसर में वार्ड चुनाव के लिए 21 व नगर निगम गुरुग्राम में वार्ड चुनाव के लिए 15 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया। मेयर पद के लिए शनिवार को भी दोनों नगर निगम से किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा नही भरा। नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी में वार्ड चुनाव के लिए 26 व चैयरमेन पद के लिए तीन प्रत्याशी नामत: श्योनारायण, सतबीर व सुनील कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार नगर पालिका फर्रुखनगर में वार्ड चुनाव के लिए 7 व चैयरमेन पद के लिए तीन प्रत्याशी नामत: नीरू शर्मा, धर्मेंद्र व संजीव कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया। नगर परिषद सोहना में आज भी कोई नामांकन प्राप्त नही



हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अजय कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि निकाय चुनाव प्रक्रिया के तहत कल रविवार को अवकाश रहेगा व सोमवार 17 फरवरी को नामांकन जमा कराने का अंतिम दिन है।

**18 फरवरी को होगी नामांकन पत्रों की जांच**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्र की जांच होगी। संबंधित उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन वापस ले सकते हैं। इसी दिन 3 बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। 2 मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को सुबह 8 बजे मतगणना का कार्य शुरू होगा। इसी दिन मतगणना का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

**राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार**

**समाचार गेट**

**में खबरें अथवा विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**नरवीर यादव** 9212339503

**जितेंद्र मोर** 9999263485

**कृष्णा शर्मा** 9818180269

**सुमित गोयल** 9212213121

samachargate@gmail.com

# कृषि मंत्री ने सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल कां फीता काटकर किया शुभारंभ

## एग्रीकल्चर टूरिज्म के रूप में जाना जाएगा कुशीनगरः सूर्य प्रताप शाही

**कसया, कुशीनगर।** प्रदेश के कृषि और कृषि शिक्षा प्रौद्योगिकी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नगरपालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के वार्ड नंबर दो मां कोटेश्वरी नगर प्रेमवलिया में नव निर्मित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल का शुभारंभ फीता काटकर किया और माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और आरती उतार कर किया।





शनिवार को आयोजित स्कूल के शुभारंभ अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने विद्यालय की पुस्तिका का विमोचन करते हुए कहा किबच्चों को नैतिक, संस्कारिक, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार ने नई शिक्षा नीति लागू किया है। ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो और उनमें आत्म विश्वास जगे। इसके लिए बच्चों को खेल, शिक्षा, सेवा से जोड़कर उनकी प्रतिभाओं को तराशकर भविष्य का जिम्मेदार नागरिक बनाने की अहम भूमिका शिक्षक और अभिभावक निभाएं। कृषि मंत्री श्री शाही ने आगे कहा कि कुशीनगर का चतुर्दिक विकास हो रहा है। एयरपोर्ट की कुछ कमियां दूर होते ही दो से ढाई माह में उड़ान शुरू हो जाएगी। बुद्ध स्थली पर 650 करोड़ की लागत से कृषि विश्वविद्याल का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। स्वाभाविक रूप से ऐतिहासिक स्थल होने के नाते निरंतर विकास हो रहा है। ऐसे स्थल पर जयपुरिया स्कूल खुलना कुशीनगर के लिए सौभाग्य की बात है। इस संस्था का उद्देश्य ग्रामीण व नगरीय परिवेश में अच्छे नागरिक तैयार होंगे। अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों पर शिक्षा का दबाव नहीं होना चाहिए। इनका भविष्य उज्जवल है। बच्चों को उचित मंच दें और उनकी प्रतिभा को निखारें।अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों पर शिक्षा का दबाव नहीं होना चाहिए। इनका भविष्य उज्जवल है। बच्चों को उचित मंच दें और उनकी प्रतिभा को निखारें। विद्यालय के चेयरमैन एके राय, विद्यालय डायरेक्टर विम्मी राय, रश्मि राय ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह, बुके अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में मनीष राय ने ग्रामीण क्षेत्र में उचित शिक्षा की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि एक नई सोच के साथ बच्चे ऊंचाइयों पर जाएं।

जयपुरिया स्कूल ग्रुप के उपाध्यक्ष अनिर्बान भट्टाचार्य ने विद्यालय की विशेषता बताई और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सफलता पर प्रकाश डाला और कहा कि प्ले ग्रुप से कक्षा सात तक की पढ़ाई होगी। आभार विद्यालय के व्यवस्थापक अखिलेश कुमार राय ने व्यक्त किए। इससे पूर्व इसी विद्यालय के कक्षा तीन की छात्रा आरोही ने सरस्वती, गणेश वंदना, हनुमान वंदना प्रस्तुत की। संचालन डॉ रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान डॉ अनिल कुमार सिन्हा, पूर्व जिला जज संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रामायण सिंह, पूनम मणि त्रिपाठी, गंगा सागर राय, राजेंद्र राय, शशांक मणि त्रिपाठी, अखिलेद्र शाही, शशिप्रभा सिन्हा, डॉ सीमा गुप्ता, उमेश चंद्र गुप्ता कुन्नू, गोपालजी राय, अरुण कुमार, जावेद अहमद, डॉ सौरभ, ओंकार राय, रामशंकर यादव, राणाप्रताप सिंह, सौरभ सिंह, मार्कण्डेय राय, डॉ निगम मौर्य, मनीष राय, विजय कुमार गुप्ता, कलामुद्दीन अंसारी, शिवकांत सिंह सहित गणमान्य गण मौजूद रहे।

## भाजपा द्वारा बजट के बारे में जन जन को आज से दी जाएगी जानकारी



**कुशीनगर।** केंद्रीय बजट 2025 को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट समाज के सभी वर्गों के विकास को समर्पित है। केंद्र सरकार का यह बजट आर्थिक सशक्तिकरण और नवाचार को गति देने वाला साबित होगा। भारतीय जनता पार्टी इस बजट को जन-जन तक पहुँचाने के लिए जिला और मंडल स्तर तक बजट का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह बातें जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने शनिवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 16 फरवरी रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में अपराह्न 02:00 बजे जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस और बजट पर प्रबुद्ध संगोष्ठी आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी बजट की विशेषताओं पर चर्चा करेंगे। संगोष्ठी में जनपद के किसान, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षक,प्रबन्धक, कवि, पत्रकार, छात्र, चिकित्सक और उद्यमी भाग लेंगे। जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, अतुल श्रीवास्तव,जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य, धनंजय तिवारी द्वितीय, प्रवीण गुंजन आदि मौजूद थे।

## ढाढा चीनी मिल को डेढ़ सौ लाख कुंतल गन्ना पेराई के लिए चाहिए

**कुशीनगर।** अवध शुगर मिल ढाढा को गन्ना पेराई के लिए 150 लाख कुंतल गन्ना चाहिए इस समय गन्ने की उपलब्धता इससे कम है, यह जानकारी चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना श्री अवधेश चंद्र गुप्ता ने चीनी मिल परिसर में आयोजित बसंत कालीन गन्ना गोष्ठी को संबोधित करते हुए दी । उन्होंने सभी गन्ना किसानो से अनुरोध किया कि अधिक क्षेत्रफल में बसंत कालीन गन्ने की बुवाई करें । सबसे अधिक उपज देने वाली प्रजाति को.15023 गन्ना प्रजाति बोने वाले किसान को दो बोरी बायो पोटाश प्रति एकड़ फ्री दिया जा रहा है। गन्ना खेती में कृषि यंत्रों का प्रयोग एवं उसके लाभ विषय पर जानकारी देते हुए यंत्र विशेषज्ञ डॉक्टर दुष्यंत बादल ने बताया कि आज समय की मांग है सभी किसान गन्ने की खेती में ऑटोमेटिक कैन प्लांटर ,पेड़ी प्रबंधन डिवाइस का प्रयोग को डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाकर समझाया गया। गोष्ठी में पूर्व सहायक निदेशक ओम प्रकाश गुप्ता जी गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र -पिपराइच, गोरखपुर ने बताया कि आज तक किसी किसान ने पेडी गन्ने का गुड़ाई कर उर्वरक प्रयोग नहीं किए हैं ,जबकि पेडी गन्ने का क्षेत्रफल लगभग 40% है। जुताई गुड़ाई कर उर्वरक बावक गन्ने के बराबर जड़ों के नजदीक प्रयोग करें। खाली स्थानों की भराई करें। इस समय गन्ने में प्याज, भिंडी, मूग की सहफसल बोये। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रगतिशील किसान श्री सूर्य नारायण मिश्र ने किया , गोष्ठी का संचालन उपमहाप्रबंधक गन्ना डीडी सिंह ने किया, तथा नर्सरी में तैयार हो रहे पौधे का वितरण किसान भाईयों को करने के बारे में बताया गया। गन्ना प्रबंधक प्रबंधक श्री देवेश गिल ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। 6 किसानों को बड कटर मशीन देकर सम्मानित किया गया। श्री विजय सिंह ,श्री अजय प्रताप, विभूति नारायण, श्री ज्ञानेश्वर बरनवाल, वीरेंद्र राय, जागबली चौहान,सहित क्षेत्र के 100 से अधिक कृषकों ने किसान गोष्ठी में भाग लिया।



## लखनऊ में इलेक्ट्रिशियन की मौत पर हंगामा

### घरवालों ने सड़क जामकर प्रदर्शन किया; कहा- पुलिस की पिटाई से गई जान, शरीर पर चोट



लखनऊ के वजीरगंज इलाके में पुलिस की पिटाई से युवक की मौत का मामला आया है। परिजनों ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है गुरुवार को पुलिस बेटे को पकड़ कर ले गई थी। उसको बुरी तरह पीटा, जिससे इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

खजुआ बाजारखाला निवासी राजेश शर्मा (38) इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। पिता का कहना है कि गुरुवार को रात करीब 10 बजे राजेश घर आया। पुलिस से पिटाई की बात कही थी। बेटे के शरीर पर मारपीट के काफी निशान थे।

अगले दिन शुक्रवार को उसके शरीर में दर्द हुआ तो दवाई दी गई। कुछ देर में उल्टी और हिचकियां आने लगी। इसके बाद इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल ले गए। जहां से उसे सिविल रेफर कर दिया गया। सिविल में शनिवार सुबह इलाज के दौरान राजेश की मौत हो गई।

### *पुलिस ने चोरी के मामले में पकड़ा था*

पिता ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। जिसके चलते साथ में नहीं रहता था। बिजली का काम करके अपना खर्चा चलाता था। 7 फरवरी को जहां काम किया था। वहां पेमेंट लेने गया था। पेमेंट नहीं मिलने पर वहां रखे तार उठा लिया था।

इसके बाद उसे चोरी के आरोप में पकड़ लिया गया। गुरुवार को फिर से अपनी पेमेंट के लिए ही वहां गया। जिस पर वहां पुलिस वाले ने उसकी बेरहमी से पिटाई की थी। जिसकी वजह से इलाज के दौरान मौत हो गई।

### पुलिस बोली- गेस्ट हाउस में मारपीट हुई

मामले में इंस्पेक्टर दिनेश मिश्रा का कहना है कि आरोपी को 7 फरवरी को पकड़ा गया तो परिजनों से संपर्क किया। इस पर परिजनों का कहना था कि हमें कोई मतलब नहीं है। इसके बाद बुधवार को एक गेस्ट हाउस में पकड़ा गया था। जहां उसके साथ मारपीट हुई होगी। पुलिस से मारपीट की बात अभी सामने नहीं आई है। पुलिस के पास आने जाने के सभी वीडियो उपलब्ध हैं।

### परिवार ने शव रखकर किया प्रदर्शन

परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए। निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस के समझाने के बाद परिवार ने शव का अंतिम संस्कार किया।

## जानबूझकर खतरनाक चोट पहुंचाने के दो गुनाहगारों को सख्त सजा

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के सुमेरपुर में 27 दिसम्बर 2013 को सुमेरपुर कस्बे के उंचाथोक में तीन लोगों ने पीड़ित महिला के पति राजेन्द्र प्रसाद को लाठी डंडों और कुल्हाड़ी से मारपीट कर खतरनाक तरीके से जख्मी करने के साथ ही बेहोश कर दिया था, साथ ही तीनों ने गलीगलौज के साथ ही पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी थी, इस मामले में सुमेरपुर थाने में अ०स०-2125/2013 धाराझ 308,325,323,504,506 आईपीसी के तहत दयाराम पुत्र सैयद्दीन खंगार, सीताराम पुत्र छुटकू खंगार सहित कामता प्रसाद पुत्र दयाराम खंगार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, वहीं आपरेशन कन्विक्शन के तहत 14 फरवरी 2025 को हमीरपुर के एडीजे फर्स्ट की अदालत ने अभियुक्त दयाराम पुत्र सैयद्दीन खंगार सहित सीताराम पुत्र छुटकू खंगार को गुनाहगार मानते हुये चार चार साल की सख्त सजा के साथ ही छै हजार रुपये का किया जुमार्ना, जबकि तीसरे अभियुक्त कामता प्रसाद की अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान मौत हो चुकी थी, वही मामले की जांच एस आई बलवीर सिंह ने पूरी कर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, जबकि अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी राजेश कुमार तिवारी ने अभियुक्तों को कड़ी सजा देने की मांग की थी




**एयरपोर्ट ऑथारिटी संग बैठकः**

## कुशीनगर से जल्द शुरू होगा नियमित उड़ान - पी.एन पाठक

**कुशीनगर।** कसया के श्रीराम जानकी मठ स्थित शिविर कार्यालय पर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर के अधिकारियों के साथ बैठक की।जिसमें कुशीनगर से नई विमान सेवाओं को चालू करने व कुशीनगर एयरपोर्ट में आ रही अड़चनों को दूर करने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। हवाई अड्डे के विस्तारीकरण में आने वाले बाधाओं पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट ऑथारिटी के अधिकारियों ने समस्याओं को विधायक श्री पाठक के समक्ष रखा। जिसका कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने हर संभव मदद व जल्द ही समस्या के निस्तारण के लिए आश्वस्त किया। कुशीनगर विधायक पी. एन पाठक ने कहा कि कुशीनगर एयरपोर्ट से उड़ान के लिए सकारात्मक पहल किया गया है।कुशीनगर एयरपोर्ट से जल्द ही नियमित अंतराष्ट्रीय व घरेलू उड़ाने चालू होगी। इस बाबत अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर के डायरेक्टर प्रणेश कुमार राय ने बताया कि रनवे के दो साइड वन वन व टू नाइन होते है। वन वन की सारी बाधाएं दूर कर ली गयी है। टू नाइन में कुछ अड़चनें आ रही है। जिसका जल्द ही निस्तारण कर लिया जाएगा। इस दौरान नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, एयरपोर्ट डायरेक्टर प्राणेश कुमार राय, सीएसओ राजीव श्रीवास्तव, सेफ्टी इंजीनियर गौरव श्रीवास्तव मौजूद रहे।



**संक्षिप्त डायरी**

### कुंभ के लिए श्रद्धालुओं को बसों से विधायक पीएन पाठक ने किया रवाना



**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने पूरे विधान सभा क्षेत्र से लोगों को कुंभ मेला भेजने के लिए एक दर्जन से अधिक बसों को गांव गांव भेजकर लोगों बैठाकर कसया बस पहुंचा तो विधायक पीएन पाठक ने अपने हाथों से सभी को भोजन कराया और उसके बाद सभी बसों को रवाना कराया सभी बसों में दो दो भाजपा नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि रास्ते में किसी तरह की कोई परेशानी न हो सभी बसों में भोजन के लिए सभी सामग्री उपलब्ध कराई गई है कि रास्ते में बनाकर भोजन कराया जा सके सभी मण्डल में दो दो बसें भेजा गया था सभी मण्डल अध्यक्ष अपने अपने मण्डल में जाकर भाजपा कार्यकताओं को बस में बैठाकर कसया पहुंचे लेकर तो वहां मौजूद विधायक पीएन पाठक व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने सभी कुंभ मेला जाने वाले श्रद्धालुओं को स्वागत किया और उनके बसों में जाकर व्यवस्था को ठीक कराया साथ ही साथ उनको भोजन कराकर भेजा और हर बसों में सभी लोगों को भोजन के लिए सभी सामग्री उपलब्ध कराई गई है कि रास्ते में बनाकर भोजन करले गैस सिलेंडर चुल्हा खाद्यान्न सब्जी आलु प्याज हंडा आदि सभी बसों में उपलब्ध कराया गया है। महिलाओं के लिए भी अलग से बस भेजा गया है विधायक पीएन पाठक ने कहा कि इस समय पूरा देश कुंभ स्नान कर रहा है और सभी श्रद्धालुओं को रहने ठहरने के लिए सरकार सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जा रहा है हमारा सौभाग्य है कि आज अपने विधानसभा क्षेत्र से लोगों और कार्यकताओं को कुंभ स्नान करने के लिए भेजने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष किरन जयसवाल राकेश जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष राजेश राव, अद्या पांडेय, राजेश मद्धेशिया, अनिल प्रताप राव, अमित मालवीय, रामायण कुशवाहा, नितिश यादव, शिबलू सिंह मौजूद रहे।

### अवैध असलहा रखने के जुर्म में गुनाहगार को सजा के साथ ही हुआ बारह सौ रुपये का हुआ जुमार्ना




**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में 24 नवंबर 2022 को कोतवाली सदर पुलिस ने जांच के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 315 बोर का तमंचा सहित कारतूस बरामद किया था, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त किशन यादव पुत्र गणेश यादव निवासी रमेड़ी डांडा के खिलाफ अ०सं०-297/2022 धाराझ3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 14 फरवरी 2025 को हमीरपुर की सीजेएम अदालत ने अभियुक्त किशन यादव को गुनाहगार मानते हुये दो साल चार महीने बीस दिन की सजा के साथ ही हुआ बारह सौ रुपए का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई तौकीर अहमद ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वही अभियोजन की तरफ से जोरदार पैरवी करते हुये पी०ओ० विकास ने अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन



हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना सहित पुलिस कप्तान दिक्षा शर्मा ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर राठ तहसील मीटिंग हाल पहुंचकर आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनका डिस्पोजल किया गया जबकि बाकी शिकायतों के बिना देर किये डिस्पोजल करने के निर्देश दिये,वही जमीनी विवादों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर फौरन डिस्पोजल करने के निर्देश दिये, इस मौके पर हमीरपुर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी राठ सहित अधिकारी,कर्मचारी रहे मौजूद।

### लखनऊ में महिला से 12.95 लाख की ठगी:7 दिन तक रखा डिजिटल अरेस्ट, वीडियो कॉल कर जेल भेजने की दी धमकी

लखनऊ में साइबर ठगों ने अब मुंबई पुलिस की जगह हैदराबाद पुलिस अधिकारी बन कर ठगी शुरू कर दी है। ठगों ने जानकीपुरम में न्यू बहार सहारा स्टेट निवासी महिला को 7 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 12.95 लाख रुपए ठग लिए। उन्हें हैदराबाद में क्रेडिट कार्ड का गलत उपयोग का आरोप लगाकर जेल भेजने की धमकी दी थी।

# मेवात क्षेत्र को रेल की मंजूरी व अभूतपूर्व विकास के लिए किए गए प्रयासों के लिए नूँह में चौ. जाकिर हुसैन का हुआ जोरदार स्वागत

**मेवात क्षेत्र के प्रमुख लोगों ने नूँह में चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में समारोह आयोजित कर जताया आभार**

**सम्मान समारोह में मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी के लोगों के अलावा नूँह शहर के सैंकडों प्रमुख मौजूद रहे**




**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूँह।** मेवात क्षेत्र (दिल्ली-सोहना-नूंह-फ़िरोज़पुर झिरका-अलवर) को रेलवे परियोजना में शामिल करके 2500 करोड़ रुपये की मंजूरी व नूँह जिले के अभूतपूर्व विकास के लिए प्रयासों के लिए नूँह शहर के प्रमुख लोगों व मेवात क्षेत्र के मौजिजों द्वारा शनिवार को नूँह में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन के सम्मान में सम्मान-समारोह आयोजित कर उनका धन्यवाद व आभार जताया। नूँह निवास पर पहुंचनें पर लोगों ने चौधरी ज़ाकिर हुसैन का फूलमालाओं व पगड़ी बाँधकर जोरदार स्वागत किया तथा शॉल भेंट कर उन्हें सम्मानित करते हुए कहा कि वे इसी तरह मेवात क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात प्रयास करते रहें। मेवात क्षेत्र के प्रमुखों व शहर के मौजिजान ने कहा कि चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने पिछले दस वर्षों में मेवात क्षेत्र के विकास में प्रयास करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने हर मंच पर मेवात क्षेत्र के लिए रेल लाईन, मेवात यूनिवर्सिटी जैसी बड़ी बड़ी माँगों को भाजपा सरकार के समक्ष रखा है। मेवात क्षेत्र को रेल परियोजना की मंजूरी भाजपा द्वारा दे दी गई है। आज शहरवासियों के साथ-साथ मेवात की 36 बिरादरी के प्रमुख लोगों ने उनके सम्मान में सम्मान-समारोह आयोजित कर उनका आभार जताया है।

भाजपा नेता चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने शानदार स्वागत के लिए मेवात की 36 बिरादरी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके सिर पर चौधर की जो पगड़ी मेवात क्षेत्र की 36 बिरादरी ने बाँध रखी है वो उनके लिए सर्वोच्च सम्मान है। इसकी ईज्जत को ना तो कभी झुकने दिया है और ना ही कभी झुकने देंगे। मेवात क्षेत्र के विकास व रोजगार के लिए उनके परिवार ने चौधरी मौश यासीन खाँ साहब व चौधरी तय्यब हुसैन साहब ने हमेशा बड़ी बड़ी योजनाएँ देने का काम किया है। हमेशा 36 बिरादरी के मान-सम्मान की लड़ाई लड़ी है। अपने दादाजी मरहूम चौधरी यासीन खाँ व वालिद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के पदचिन्हों पर चलते हुए मेवात क्षेत्र के विकास व भलाई के लिए कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मेवात क्षेत्र के लोगों द्वारा हौंसला ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने रेल की मंजूरी के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह का तहेदिल से शुक्रिया व आभार जताया।

उन्होंने कहा कि मेवात वासियों की यह वर्षों पुरानी मांग थी। जिसका कांग्रेस सरकार व उनके नेताओं ने कई बार मजाक उड़ाने का काम किया था।

ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि जब वे 2014 में नूँह से विधायक बने थे तो उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल व भाजपा शीर्ष नेतृत्व के सामने मेवात क्षेत्र की प्रमुख माँगों के साथ-साथ यात्री रेल लाईन की माँग को हर मंच चाहे विधानसभा हो या फिर विधानसभा के बाहर हो, मेवात विकास बोर्ड की बैठकों आदि में रखा था और अपने वालिद मरहूम चौधरी तय्यब हुसैन के सपने को जीवित रखा था।

भाजपा सरकार ने इसे मंजूर करके मेवात क्षेत्र के विकास में सैंकडों पहिए और लगाने का काम किया है। यह रेलवे लाईन मेवात क्षेत्र के संपूर्ण विकास में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मेवात के विकास में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पहिए लगाए थे, जिसे आज उनके मार्गदर्शन में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शानदार तरीके से रफ्तार दे रहे हैं।

इस अवसर पर सरदार जसबीर सिंह मलिक, वरिष्ठ समाजसेवी संजय गर्ग बिट्टू, हरीश शर्मा बॉबी, शादाब अली नकवी, जगन सिंह पार्षद मनोज कुमार मलाई, नीरज नूँह, काकू, मनोज टिनू, नितिन वरमानी, भानू शर्मा हसनपुर, योगेश शर्मा, जमालू पूर्व सरपंच जयसिंहपुर, नसरू सरपंच कोंतलाका, हाजी फते मौश, कुलवंत बघेल, कृष्ण प्रधान, याकूब सरपंच मेवली, डॉश हनीफ सरपंच, जुम्मा पूर्व सरपंच दिहाना, हन्नान भादस, फखरूद्दीन सरपंच शादीपुर, सुंदर पहलवान चेयरमैन ईंडरी, राजू सरपंच छछेड़ा, अमर सिंह सरपंच छपेड़ा, प्रकाश सरपंच, जाकिर भडंगाका, जमील सरपंच चंदेनी, सद्दाम हुसैन पूर्व चेयरमैन, खुर्शीद सरपंच निजामपुर, अय्यूब नंबरदार, मुबीन सरपंच, जुनेद पार्षद, उम्मर मालब, हाजी मद्दीन, अदम सरपंच, आसू पहलवान घासेड़ा आदि के अलावा सैंकडों गणमान्य मौजूद रहे।

# मार्च में होगा किसानों का अनिश्चितकालीन बड़ा आंदोलन




**समाचार गेट/सोनिका सूरा**

**सिवानी।** संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की राज्य स्तरीय मीटिंग आज नरवाना चौधरी घासी राम किसान रेस्ट हाउस में बलबीर सिंह, रतन मान और सुखविंदर की संयुक्त अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आंदोलन की दिशा में आगामी प्रदेश व्यापी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। मीटिंग में नई कृषि बाजार नीति और अन्य मुद्दों पर 11 मार्च को सभी जिलों में एक दिवसीय धरने प्रदर्शन आयोजित करने का निर्णय किया गया। मार्च में किसानों का अनिश्चितकालीन बड़ा आंदोलन किया जाएगा। मीटिंग में बदलते पर्यावरण और गिरते भूजल पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए सरकार से जनहितैषी ,किसान के पक्ष की पर्यावरण नीति की मांग की गई। मीटिंग में निर्णय किया गया कि हरियाणा में कृषि बाजार नीति के प्रारूप का न लागू करने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगा।

प्रेस बयान जारी करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के नेताओं ने कहा कि सरकार किसानों के हक में नीतियां बनाने की झूठी वाहवाही लूटना चाहती है जबकि किसानों के फसल खराबे के पिछले कई सालों के मुआवजे और बीमा क्लेम अभी तक बकाया है खरीफ की फसल के लिए 2000 रुपए प्रति एकड़ सुखा राहत के भी सभी किसानों को पैसे नहीं दिए गए। संयुक्त किसान मोर्चा ने इन लंबित मुआवजों के ना जारी होने पर गहरा आक्रोश प्रकट किया है। इसके साथ ही गावों में बिजली के मीटर बाहर न निकालने,स्मार्ट मीटर योजना को न लागू करने,बढ़ती गर्मी के चलते गेहूं की फसल पर किसानों को बोनस देने, सरसों की खरीद शुरू करने,ड्रेनों की सफाई करते हुए बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में जलभराव न हो उसके इंतजाम करने की मांग की गई। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने नई कृषि बाजार नीति के विरोध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन देगा साथ ही लंबित मुद्दों पर 11 मार्च को सभी जिलों में प्रदर्शन करेगा इसके बाद संयुक्त किसान मोर्चा प्रदेश भर में अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने के लिए 7 मार्च को नरवाना में योजना बनाएगा। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन के मसले पर सरकार कॉर्पोरेट घरानों के पक्ष में खड़ी है और मार किसानों पर पड़ रही है पिछले साल भी अत्याधिक गर्मी से खरीफ की फसल में उत्पादन में काफी नुकसान हुआ था और अब भी रबी 2025 की गेहूं की फसल में नुकसान हो रहा है , सिंचाई के लिए पानी खत्म होता जा रहा है इसलिए मोर्चा ने इस मुद्दे पर किसान और जनहितैषी वैकलपिक नीति की मांग की है

इस मौके पर मीटिंग में जोगेंद्र नैन, कवरजीत चिका, तेजिंदर सिंह रतिया, आजाद सिंह मिरान, सतीश आजाद, बाबा गुरदीप सिंह, करनैल सिंह, राजीव मलिक, बलराज मलिक, बलवंत सिंह, सुमित दलाल, कुलदीप पूनिया, सतेंद्र सिंह, बुध सिंह मत्तड़, कर्मबीर, सिक्किम नैन, बलवान सिंह, रामफल सिंह आदि शामिल रहे।

# शैक्षिक महासंघ की फरीदाबाद इकाई ने शिक्षक के हित में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के नाम सौंपा ज्ञापन



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज इस ध्येय वाक्य को लेकर कार्यरत अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (ABRSM) की फरीदाबाद इकाई ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजीत सिंह के माध्यम से हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महिपाल ढांडा के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र स्थाई भर्ती, कैशलैस चिकित्सा सुविधा, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, पीजीटी का पद नाम बदलकर लेक्चर किया जाए, प्रधानाचार्य का पद द्वितीय श्रेणी से प्रथम श्रेणी किया जाए, प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में अनिवार्य की जाए, अतिथि अध्यापकों को समान काम समान वेतन, सभी राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालयों में छात्रों को फीस मुक्त किया जाए, अंतर जिला स्थानांतरण व स्थानांतरण पूर्ववत जॉन सिस्टम से किए जाएं, सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में उप प्रधानाचार्य का पद सृजित किया जाए, कंप्यूटर शिक्षक लैब सहायक व सभी HKRN के कर्मचारियों को विभाग में शामिल करके सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए आदि मांगों से सरकार को अवगत कराया व समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष श्री रामवीर शर्मा ने बताया कि आज पूरे प्रदेश में प्रत्येक जिला इकाई द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। महासंघ को विश्वास है कि सरकार शीघ्र ही इन मांगों पर उचित निर्णय लेगी। उन्होंने यह भी बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ पूरे देश में प्राथमिक शिक्षक से लेकर विश्वविद्यालय प्रोफेसर तक 13 लाख सदस्यों का मजबूत संगठन है, जो सदैव शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थियों के उत्थान के लिए कार्यरत रहता है। महासंघ के जिला अध्यक्ष देवेंद्र गौड़ ने कहा कि महासंघ शिक्षा के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। शिक्षकों की समस्याओं का समाधान न केवल शिक्षक हित में, बल्कि संपूर्ण समाज और शिक्षा व्यवस्था के हित में आवश्यक है।

इस अवसर पर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामवीर शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम भारद्वाज, जिला अध्यक्ष देवेंद्र गौड़, महासचिव महेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष यशपाल शास्त्री, सोशल मीडिया प्रमुख जयवीर भाटी एवं खंड के उप प्रधान जयप्रकाश विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 26वां रविंदर फागना सैटरडे मिक्स कॉरपोरेट कप का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** 26वां रविंदर फागना सैटरडे मिक्स कॉरपोरेट कप 2025, रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फरीदाबाद पर खेला गया। और यह मैच द बॉडी जोन (सेक्टर 49) ओर क्रेज़ी इलेवन के बीच खेला गया।

इस मैच में द बॉडी जोन (सेक्टर 49) ने क्रेज़ी इलेवन को 1 विकेट से हराया। यह मैच 20 ओवर का था और क्रेज़ी इलेवन ने पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। क्रेज़ी इलेवन टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 149 रन का लक्ष्य दिया। क्रेज़ी इलेवन की ओर से पहले बल्लेबाजी करते हुए राघव नरूला ने 50 गेंदों पर 5 चौके, 1 छक्के की मदद से 48 रन, कार्तिक ने 28 गेंदों पर 5 चौके की मदद से 30 रन बनाए। द बॉडी जोन (सेक्टर 49) की ओर से गेंदबाजी करते हुए अमित कौशल ने 4 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट, प्रमोद पॉल, विमल बक्शी और संजीव शर्मा ने 11 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए द बॉडी जोन (सेक्टर 49) टीम ने 19.3 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाकर जीत हासिल की। द बॉडी जोन (सेक्टर 49) की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मनीष भड़ाना ने 44 गेंद पर 8 चौके, 1 छक्के की मदद से 67 रन, हरप्रीत ने 23 गेंदों में 1 चौके की मदद से 21 रन बनाए। क्रेज़ी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए कार्तिक और वर्णित सिंह ने 22 विकेट, कबीर भाटिया और वंश चोपड़ा ने 11 विकेट लिया। इस मैच का मैन ऑफ द मैच मनीष भड़ाना को घोषित किया गया और फाइटर ऑफ द मैच कार्तिक को घोषित किया।

# मोहन ऋषि स्कूल में छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन




**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष गौतम ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। छात्राओं ने गणेश व सरस्वती वंदना पर प्रस्तुति दी। वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इनमें फ्यूजन नृत्य व नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। वहीं सीनियर्स को विशेष उपहारों के साथ शुभकामनाएं दीं। इसमें आकर्षक रेम्प वॉक की गई।

विदाई समारोह में छात्रों ने केक काटा। मंच संचालन शिक्षिका मीनू गौतम ने किया। शिक्षक ललित कुमार झा ने विदाई गीत प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य मनीष गौतम ने छात्रों को आर्शीवाद देकर संयम, धैर्य एवं एकाग्र मन से अध्ययन करने आह्वान किया।

उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति में अनुशासन का महत्व समझाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सफल एवं देश का जिम्मेदार नागरिक बनने का मंत्र दिया। इस दौरान स्टाफ एवं छात्रों के छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ललित कुमार झा के साथ रीना, प्रीति, कीर्ति, बबीता आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भारत माता की जय एवं एबीवीपी जिंदाबाद से गुंजायमान हुआ फरीदाबाद

**वंदे मातरम के नारों से गुंजायमान हुआ क्षेत्र, सर्वधर्म समभाव का दिया संदेश**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 56वें प्रांतीय अधिवेशन के दूसरे दिन राष्ट्रभक्ति और संगठन की शक्ति का भव्य प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर निकाली गई विशाल शोभायात्रा ने पूरे शहर में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया, वहीं विभिन्न वक्ताओं ने अपने ओजस्वी विचारों से युवाओं को प्रेरित किया। दोपहर तीन बजे वाईएमसीए विश्वविद्यालय से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। जैसे ही यात्रा आगे बढ़ी, कार्यकर्ताओं ने अनुशासनबद्ध पंक्तियों में भगवा ध्वज लहराते हुए भारत माता की जय और,क्क्क जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। यात्रा का पहला पड़ाव बाटा पुल था, जहां स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से इस यात्रा का स्वागत किया और स्वयं भी इसका हिस्सा बने। इसके बाद यात्रा लिबर्टी शोरूम की गली से गुजरी, जहां देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के साथ युवाओं ने जोश और उत्साह दिखाया।

अगले पड़ाव दिल्ली जूस कॉर्नर पर कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया और एबीवीपी के राष्ट्रनिर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। सर्वधर्म समभाव का संदेश देते हुए शोभायात्रा गुरुद्वारा और हनुमान मंदिर पहुंची। यहां अखाड़ा दल के कार्यकर्ताओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया और ढोल-नगाड़ों की धुन से युवाओं में नव ऊर्जा का संचार किया। जैसे ही शोभायात्रा कल्याण सिंह चौक पहुंची, वहां राष्ट्रवादी नारों और देशभक्ति के गीतों की गूंज से वातावरण ओतप्रोत हो गया। मेट्रो मोड़ से होते हुए यात्रा माता गुजरी चौक पहुंची, जहां एक विशाल मंच पर मुख्य वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। खुले मंच पर पहुंची शोभायात्रा के लिए आयोजित विचारगोष्ठी में कई गणमान्य वक्ताओं ने श्रोताओं को संबोधित किया। राष्ट्रीय कला मंच के प्रांत संयोजक विकास कायथ ने युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के भविष्य को प्रभावित करने वाला विषय है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

प्रांत मंत्री राहुल वर्मा ने हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत, महिलाओं की सामाजिक स्थिति और सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को महिलाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि वे हर क्षेत्र में सशक्त भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्रों की बढ़ती अनुपस्थिति को लेकर गहन चिंता व्यक्त की और माई कैम्पस-माई प्राइड पहल से सभी युवाओं को अवगत कराया।

उन्होंने हरियाणा सरकार से राज्य में छात्र संघ चुनावों की बहाली की भी अपील की। श्री राहुल वर्मा ने अभाविप के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि अगर उन्हें छात्र संघ चुनावों की बहाली के लिए अगर आंदोलन भी करना पड़ा तो करेंगें लेकिन छात्र संघ चुनाव हम अवश्य बहाल करवाएंगे।

# नशे के विरुद्ध विभिन्न स्थानों पर प्रतिष्ठित लोगों के साथ साथ विभन्न संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नशे जैसी बुराई को जीवन से बाहर करने का प्रतीक है बकेट चैलेंज**




**समाचार गेट/जितेन्द्र सिंह**

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे, के दिशानिर्देशों से आज हरियाणा में बकेट चैलेंज के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। ब्यूरो के पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जन तक पहुँच रहा है। युवा, खिलाड़ी, समाज के प्रतिष्ठित लोग और सामान्य जन इस आंदोलन में सहभागिता कर अपने को गौरवानवित अनुभव कर रहे है। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा गाँव गाँव और शहर शहर में नशे के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन छेड़ा गया है। इस कड़ी में आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा बकेट चैलेंज के साथ जन जन को जोड़ा जा रहा है ताकि यह एक आंदोलन के रूप में लोगों के मस्तिष्क और आत्मा में आत्मसात होकर नशा मुक्त भारत के स्वप्न को साकार कर सके। उच्चाधिकारियों के आदेश से आज फरीदाबाद में यह कार्यक्रम हुए जिसमें सेक्टर 8 के गणमान्य, विद्यालयों के प्राचार्यो, शिक्षकों, मानव सेवा समिति और सामुदायिक केंद्र सेक्टर 9 के गणमान्य लोगों को जोड़ा गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्य्रकम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज का कार्य्रक्रम हुआ जिसमें पलवल इकाई के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार एवं मुख्य सिपाही मंजीत कुमार ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि यदि नशा मनुष्य के लिए तनिक भी अच्छा होता तो सबसे पहले माँ अपने बच्चे को देती। उन्होंने बताया कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा के माध्यम से शपथ, बकेट चैलेंज, राम गुरुकुल गमन मंचन आदि। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा MANAS पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं।

# संपादकीय

## क्या अब विपक्षी एकता कायम रहेगी?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

राजनीति में कब क्या हो जाए, कुछ भी नहीं कहा जा सकता। इसलिए ही तो राजनीति को अनिश्चितता का खेल कहा जा सकता है। लेकिन ज़ब राजनेता और राजनीतिक दल इस धारणा को तिलांजलि देते दिखाई देते हैं, तो उस अवस्था को अति आत्म विश्वास के भाव में व्यक्त किया जाता है। अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दुखद अध्याय दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था, जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही व्यक्ति विजय प्राप्त करता है, शेष सभी पराजित ही होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपनी भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए, लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार को चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती।

वैसे विपक्ष को इसकी आदत सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक़ जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और ही था।

वर्तमान राजनीतिक उतार चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की क़वायद कर चुके हैं, लेकिन यह क़वायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी। लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित षड्यंत्र किया, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह से सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम ही है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है, स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था।

जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाईश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे, दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को ज़मीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्म घाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे, इसलिए ही कांग्रेस से किनारा करके चुनाव मैदान में कूद गए, और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। वर्तमान राजनीतिक स्थिति में कब क्या हो जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता।

## पहले दिन शांतिपूर्वक तरीके से चली सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10 व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार से शुरू हुई। जो शांतिपूर्वक तरीके से चली। दसवीं कक्षा की अंग्रेजी विषय की परीक्षा रही। जिनके शांतिपूर्वक संचालन के लिए बोर्ड तथा प्रशासन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थी। कनीना सब डिवीजन में तीन परीक्षा केंद्र एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला, यूरो स्कूल उन्हाणी तथा इंडसवैली स्कूल दोंगडा अहीर में बनाए गए हैं। जहां नकल रहित परीक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं वहीं पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। बोर्ड के पर्यवेक्षक भी केद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं।

## कनीना बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कल होगी नामाकंन पत्रों की जांच

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए दाखिल किए नामाकंन पत्रों की कल सोमवार, 17 फरवरी को जांच की जाएगी। उसके बाद 18 फरवरी को सुबह 11 से सांय 3 बजे तक नाम वापिस लिए जा सकते हैं। 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक मतदान होगा उसके बाद मतणना कर परिणाम जारी किए जाएगें। बार एसोसिएशन चुनाव के दृष्टित शुक्रवार को नामाकंन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन प्रधान पद के लिए 5 नामांकन पत्र दाखिल हुए थे। चुनाव अधिकारी एडवोकेट दिनेश कुमार यादव व सह चुनाव अधिकारी नवीन कौशिक ने बताया कि प्रधान पद के लिए एडवोकेट वेदप्रकाश गुर्जर, सतीश कुमार भाटोटिया, मंजीत सिंह, अखिल अग्रवाल व राकेश कुमार सहित 5 नामाकंन पत्र दाखिल हुए। उप प्रधान पद के लिए एडवोकेट ममता यादव व संदीप कुमार, सविव पद के लिए एडवोकेट संदीप कुमार व सोमबीर सिंह तथा सह सचिव पद के लिए एडवोकेट जितेंद व संत कुमार की ओर से आवेदन दिया गया है। कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट कुणाल व शशी कुमार चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी को आवेदनों की जांच होगी।

प्रयागराज महाकुंभ से लौटकर सुनील दीक्षित की रिपोर्ट

# 13 जनवरी से शुरू हुआ महाकुंभ बढ रहा समापन की ओर

### महाशिवरात्री पर 26 फरवरी को को होगा अंतिम शाही स्नान

### मेला प्रशासन ने 13 अखाडों के साधुओं को जमींन की थी अलाट

### सुरक्षा एवं सफाई व्यवस्था के रहे पुख्ता इंतजाम










**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**संगम तट प्रयागराज।** प्रयागराज में 12 वर्ष बाद बीती 13 जनवरी 2025 से आयोजित हुआ महाकुंभ मेला अब समापन की ओर बढ रहा है। मेले में यूपी की योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा सुरक्षा तथा सफाई की अच्छी व्यवस्था की गई थी। जिसके चलते श्रधालुओं को पेयजल, शौचालय सहित सर्दी से बचाव के लिए कहीं भटकने की जरूरत नहीं पडी। जगह-जगह लेडीज एवं जैंट्स के लिए अलग-अलग अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की गई थी जिनके नजदीक ही नल का जल उपलब्ध कराया गया था। इसके साथ ही सफाई के लिए नगरनिगम के कर्मचारी व अधिकारी मुस्तैद थे। हरेक प्वाईंट पर सूखे व गीले कचरे के लिए डस्टबिन लगाए गए थे। अधिकारियों द्वारा मेले की लगातार मोनिटरिंग की जा रही थी। एक दिन में 50 लाख से अधिक श्रधालुओं द्वारा संगम तट सहित विभिन्न घाटों पर डुबकि लगाई गई। मेले में मोनी अमावस्या के अवसर पर भगदड मचने के बावजूद भी श्रधालुओं का दिनरात पंहुचना जारी रहा। हरियाणा के महेंद्रगढ जिले से प्रयागराग महाकुंभ पंहुची मीडिया कर्मियों विजय कुमार शर्मा, सुनील कुमार दीक्षित, दलीप सिंह, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, डॉ राजेश त्रिपाठी, विक्रम सिंह सारथी व रोशन लाल शर्मा की सात सद्सीय टीम ने मेला क्षेत्र, संगम स्थल, घाट पर स्नान व्यवस्था, अखाडों में रात्री ठहराव के लिए किए गए बंदोबस्त व वीआईपी मूवमेंट का बारीकी से अवलोकन किया।

संगम स्थल पर भीड बढने के चलते श्रधालुओं को स्नान कर घाट खाली करने के लिए निर्देशित किया जा रहा था वहीं सुरक्षा को लेकर पुलिस व सेना के जवान लगातार नजर बनाए हुए थे। एनडीआरएफ की टीमें नौका पर सवार होकर डुबकि लगाने वाले श्रधालुओं पर ध्यान रख रही थी। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि महाकुंभ मेला 2025 की विधिवत शुरुआत 13 जनवरी से हुई थी। उसके बाद समय-समय पर आयोजित शाही स्नान के समय भीड अधिक रही। अखाडों के साधुओं ने पेशवाई के माध्यम से स्नान किया। देश तथा विभिन्न प्रदेशों के वीआईपी कैटेगरी के लोगों ने भी स्नान कर पूजा-अर्चना की। आमजन की ओर से भी श्रधालु गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर डुबकि लगाते दिखई दिए। वीआईपी मूवमेंट के लिए घाट पर अलग से व्यवस्था की गई थी। भीड बढने पर ऐसे पुल को बंद कर दिया जाता था तथा कम होने पर खोल दिया जाता था।




इस महाकुंभ को हिंदू ओर सनातन धर्म का सबसे बड़ा उत्सव माना गया है। सरकारी आंकडे के मुताबिक अब तक करीब 50 करोड लोग कुंभ में डुबकि लगा चुके हैं। आधुनिक इलाहाबाद में 'प्रयाग' हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल माना जाता है। लेकिन संगम में संगम का महत्व सबसे पवित्र है जहां पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती मिलकर एक हो जाती हैं।

**अमृत की 4 बूंदो से प्रसिद्ध हुए 4 तीर्थ**

बताया जाता है कि भगवान विष्णु अमृत का कुंभ 'घड़ा' लेकर जा रहे थे, तभी हाथापाई हुई और चार बूंदें छलक गईं। जो प्रयाग, हरिद्वार, नासिक और उज्जैन के चार तीर्थों पर जा गिरी। कालांतर में चारों तीर्थ स्थान के रूप में प्रसिद्व हुए। तीर्थ वह स्थान है जहाँ भक्त मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। इन स्थानों पर यह आयोजन प्रत्येक तीन साल में कुंभ मेले के रूप में आयोजित होता है। जो प्रत्येक तीर्थ पर बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। प्रयागराज के संगम को तीर्थराज, 'तीर्थों का राजा' के रूप में जाना जाता है और यहाँ हर बारह साल में एक बार कुंभ आयोजित किया जाता है, जो सबसे बड़ा और सबसे पवित्र है। एक महीने से अधिक समय तक चलने वाले इस महाकुंभ में एक विशाल तंबूनुमा बस्ती का निर्माण किया जाता है, जिसमें झोपड़ियाँ, चबूतरे, नागरिक सुविधाएँ, प्रशासनिक और सुरक्षा उपाय शामिल होते हैं। इसे सरकार, स्थानीय अधिकारियों और पुलिस द्वारा शानदार तरीके से आयोजित किया जाता है। यह मेला विशेष रूप से धार्मिक तपस्वियों-साधुओं और महंतों -की असाधारण उपस्थिति के लिए प्रसिद्ध है, जो जंगलों, पहाड़ों और गुफाओं में दूर-दराज के ठिकानों से आकर्षित होकर आते हैं। एक बार जब ज्योतिषी शुभ स्नान,समय या कुंभयोग निर्धारित कर लेते हैं, जिसमें सबसे पहले नागा साधुओं की सेना पानी में उतरती है, जो अपने नग्न शरीर को राख से ढकते हैं लंबी जटाओं में बाल रखते हैं। साधु, अपने आप को आस्था के संरक्षक के रूप में देखते हैं, एक आक्रमणकारी सेना की तरह धूमधाम और बहादुरी के साथ निर्धारित समय पर संगम पर पहुँचते हैं।

**संगम तट**

इस स्थान पर गंगा का भूरा पानी यमुना के हरे पानी से मिलता है, साथ ही पौराणिक सरस्वती भी मिलती है, जो अदृश्य है लेकिन माना जाता है कि वह भूमिगत बहती है। यह सिविल लाइंस से लगभग 7 किमी दूर स्थित है, जहाँ से अकबर किले की पूर्वी प्राचीर दिखाई देती है। पवित्र संगम की ओर विस्तृत बाढ़ के मैदान और कीचड़ भरे तट फैले हुए हैं। नदी के बीच में पुजारी पूजा करने के लिए छोटे-छोटे चबूतरों पर बैठते हैं और उथले पानी में श्रद्धालुओं की पूजा-अर्चना में मदद करते हैं। संगम के पानी में डुबकी लगाना हिंदू धर्मावलंबियों के लिए सबसे पवित्र तीर्थ माना जाता है। महाकुंभ के दौरान संगम वास्तव में जीवंत हो उठता है।

**महाकुंभ में ठहरने के लिए रहे व्यापक प्रबंध**

प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 के लिए मेला क्षेत्र में 13 अखाड़ों की बसावट की गई थी। जिन्हें सेक्टर व प्लाट नम्बर तक आबंटित किए गए थे। इनमें आने वाले श्रधालुओं के रात्री विश्राम, भोजन व बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई थी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कुम्भ मेला प्रशासन ने अखाड़ों के संतों की सहमति से मेला क्षेत्र में छावनी बसाने के लिए सभी 13 अखाड़ों सहित अन्य को भूमि आवंटित की गई थी। करीब 40 दिन चलने के बाद 26 फरवरी, 2025 को महाशिवरात्रि के शाही स्नान के साथ मेला संपन्न होगा।

## नपा चुनाव के दृष्टिगत नामांकन-पत्र दाखिल करने में आई तेजी

### शनिवार को सायं तीन बजे बाद तक जारी रही प्रक्रिया

### 22 नामाकंन पार्षदों तथा 3 चेयरपर्सन के लिए हुए दाखिल

### 18 को जांच होने के बाद 19 को वापिस लिए जा सकते हैं आवेदन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** आगामी 2 मार्च को होने वाले कनीना नगरपालिका चुनाव के लिए 11 फरवरी से शुरू हुई नामाकंन प्रक्रिया के पांचवे दिन शनिवार को नामाकंन पत्र दाखिल करने में तेजी आई। सांय तीन बजे के बाद तक नामाकंप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी रही। शनिवार को वार्ड पार्षदों के लिए 22 तथा चेयरपर्सन के लिए 3 नामाकंन पत्र दाखिल हुए। एसडीएम कोर्ट रूम में आवेदन टीम की ओर से सभी औपचारिकताएं करने के बाद आवेदकों को चुनाव अधिकारी के पास भेजा गया जहां उन्होंने नामाकंन की बारीकी से जांच कर रिसीव किया। रविवार का अवकाश रहने के बाद नामांकन प्रक्रिया का एक दिन सोमवार,17 फरवरी का शेष बचा है। सोमवार को भी नामाकंन दाखिल करने वालों की गहमा गहमी रहने की उम्मीद है। 18 फरवरी को नामाकंन पत्रों की जांच की जाएगी ओर 19 को नाम वापसी लिए जा सकेगें। चुनाव मैदान में रहने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह अलाट किए जाएगें। उसके बाद 2 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं छह बजे तक मतदान होगा। 12 मार्च को मतगणना की जाएगी।

दाखिल किए नामाकंन पत्रों में प्रधान पद के लिए स्नेहलता, सुमन व रिंपी यादव ने आवेदन किया। इसी प्रकार वार्ड पार्षद के लिए वार्ड 1 से मंजू देवी, स्वाति यादव व निर्मला, 9 से राजेश कुमार,13 से ममता, 10 से नितिन व योगेश, 7 से उषा, 13 से प्रदीप यादव, 9 से सजन सिंह व पूनम कुमारी, 10 से दीपक यादव, 9 से नितेष, 3 से उषा, 4 से रेखा व निशा, 8 से नीलम, 6 से हेमराज व संदीप, 14 से राजेंद्र सिंह, 5 से कमल यादव, 2 से सुनील कुमार ने नामाकंन पत्र दाखिल किया। शुक्रवार को वार्ड 4 से दो नामांकन अंजू व रेखारानी तथा वार्ड 12 से एक राखी कुमारी की ओर से दाखिल किए गए। अब तक कुल 28 आवेदन दाखिल हो चके हैं।

चुनाव अधिकारी एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि कनीना में नपा प्रधान का पद सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। जबकि वार्ड नम्बर एक को बीसी-बी व वार्ड 4 को बीसी-ए वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड 6 को एससी सामान्य व 8 को एससी महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड 7 व 12 को सामान्य वर्ग की महिला के लिए रिर्जव किया गया है। वार्ड 2, 3 5, 9, 10, 11, 13, 14 को अनारक्षित घोषित किया है। सभी 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें। इस मौके पर एआरओ दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो उमेद सिंह जाखड, चुनावी कानूनगो पूनम सिंह, प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## हार्दिक शुभकामनाएं



नगर निगम वार्ड 4 से ज्ञानेन्द्र भारद्वाज की पत्नी को मिली भाजपा से टिकट इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा ने पार्षद पद की उम्मीदवार को बधाई दी। चित्रः समाचार गेट


## कानूनी जागरूकता शिविर लगाकर छात्रों को दी पॉक्सो एक्ट की जानकारी



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** डीएलएसए के तत्वावधान में शनिवार को विधिक सेवा समिति कनीना द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुढा में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महिला अधिवक्ता मिनाक्षी ने विद्यार्थियों को पोक्सो अधिनियम 2012 के बारे में जानकारी दी। 18 वर्ष से कम आयु के विद्यार्थियों के साथ कोई अपराध होता है तो पोक्सो एक्ट की श्रेणी में आता है। इस बारे में पीडित नाबालिग के परिजन की ओर से नजदीक पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवा सकता है। बच्चे की आयु 10 वर्ष से कम है तो उसे बार-बार पुलिस स्टेशन नहीं बुलाया जा सकता। माता-पिता की मौजूदगी में पुलिस अधिकारी सादी वर्दी में बयान कलमबद्ध करेगें। जांच के लिए पुलिस अधिकारी स्वयं मौके पर जाएगें। पीडिता बच्ची है तो उसके मैडीकल भी प्रावधान है। इंटरनेट मीडिया पर बच्चे कई बार ब्लेकमेल का शिकार हो जाते हैं। इसके दुरूपयोग से बचना चाहिए। ऐसा होने पर परिजनों व पुलिस प्रशासन को सूचित करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय गणित प्रतियोगिता में बचीनी विद्यालय की टीम रही प्रथम स्थान पर



### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेगी महेंद्रगढ जिले का प्रतिनिधित्व

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** शिक्षा विभा की ओर से आयोजित जिला स्तरीय गणित प्रतियोगिता में कनीना खंड स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय बचीनी के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता डाईट कार्यालय महेंद्रगढ में आयोजित की गई थी। जिसमें जिले के सभी ब्लाकों के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कक्षा 6-8 वर्ग में बचीनी विद्यालय की टीम ने प्रथम स्थन हासिल किया। जिला स्तर पर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने के बाद ये टीम अब राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को पारितोषिक वितरित कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एचएम रामचंद्र, संतोष कुमार, दिनेश कुमार, दीपमाला, पूजा यादव उपस्थित थे।



टोरंटो में कनाडाई इंटरनेशनल ऑटो शो में 1886 की बेंज पेटेंट मोटर वैगन के प्रतिरूप को देखते हुए लोग। दस दिवसीय इस शो में 40 से अधिक ऑटोमोबाइल प्रतियोगियों ने भाग लिया।

# नए आयकर बिल: टैक्स सरल बनाने की कवायद

## - धारा 80सी के तहत किए गए हैं बड़े बदलाव

**नई दिल्ली ।**

लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने चर्चा का विषय बना दिया है नया आयकर बिल का प्रस्ताव, जिसके अनुसार टैक्स संबंधी नियमों की भाषा सरल बनाई जाएगी। नए बिल में कोई इनकम टैक्स स्लैब या कैपिटल गेन्स टैक्स संशोधन नहीं है, लेकिन धारा 80सी के तहत बड़े बदलाव हैं। यदि आप पुरानी टैक्स व्यवस्था का अनुसरण करते हैं, तो धारा 80सी के बजाय धारा 123 के तहत टैक्स बचाने के विकल्पों से परिचित होंगे। अब इस धारा के अनुसार टैक्सपेयर को प्राप्त राशि के उत्तराधिकारी द्वारा भुगतान किया गया या जमा की गई राशि पर छूट मिलेगी, जो शेड्यूल एक्सवी में उल्लिखित राशियों के कुल के बराबर होगी, परन्तु 1.5 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। यह नया आयकर बिल 622 पन्नों का है और 536 धाराएं शामिल हैं, जबकि वर्तमान आयकर अधिनियम में 823 पन्नों में 298 धाराएं हैं।




नए बिल में हर धारा का एक खंड है, सिवाय उन अप्रासंगिक धाराओं के। जबकि बताया गया है कि इस बिल के माध्यम से कर कानूनों को सरल बनाया जाएगा।

# ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के प्रस्ताव को ठुकराया

## - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई के अधिग्रहण का मामला

**नई दिल्ली ।** विश्वविख्यात उद्यमी और एलेक्ट्रिक वाहन निर्माता टेस्ला के मालिक एलन मस्क को उनकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप ओपनएआई की अधिग्रहण की हसरत पूरी होने में मुश्किले आ रही है। ओपनएआई बोर्ड ने एलन मस्क के 97.4 बिलियन के अधिग्रहण प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, कहते हुए कि कंपनी बिक्री के लिए नहीं है। एलन मस्क जो पहले ओपनएआई के सह-संस्थापक थे, अब कंपनी से अलग हो चुके हैं। मस्क के वकील ने बताया कि ओपनएआई अपने लाभकारी उद्यम का निजी स्वामित्व बेचने की योजना बना रही है, जिससे कुछ बोर्ड सदस्य व्यक्तिगत लाभ उठा सकते हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और मस्क के बीच वर्षों से चल रहा टकराव जारी है, जिसमें एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभकारी बनाने के पक्ष में नहीं देखा। ओपनएआई ने अपने स्वर्णिम भविष्य के लिए एक पब्लिक बेनिफिट कॉरपोरेशन बनाने की योजना बनाई थी, जिसका उद्देश्य था अधिक पूंजी जुटाना और गैर-लाभकारी प्रतिबंधों को हटाना। ओपनएआई ने मस्क के प्रति कटु रूख अपनाया है, जिससे वार्षिक बोर्ड की चुनौतियों में नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। एलन मस्क के वकीलों ने ओपनएआई के साथ चल रहे संघर्ष को निपटाने के लिए अदालत में कानूनी कदम उठाया है, जिसमें वकीलों ने कहा कि यदि ओपनएआई अपनी लाभकारी इकाई बनाने की योजना छोड़ देता है तो उनकी बोली वापस ली जाएगी। ओपनएआई ने मानवता के लिए एआई के लाभ को पहुंचाने की मिशन में प्रतिबद्धता जताई है, और इस उद्देश्य को मजबूत बनाने के लिए अपने मिशन पर कड़ी नजर रखी है। एलन मस्क और ओपनएआई के बीच टकराव के बीच बढ़ते विवाद में, एक ओर ओपनएआई ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया है, जबकि दूसरी ओर मस्क और उनके वकील उसे निपटाने के लिए कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रहे हैं। इस संघर्ष के माध्यम से ओपनएआई की दिशा और उद्देश्य पर प्रकाश डालने के लिए और एलन मस्क की तकनीकी उच्चताओं को रक्षा करने के लिए एक सख्त स्तर पर कानूनी और नैतिक झगड़ा चल रहा है।

# कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम



**नई दिल्ली ।**

वर्तमान में, देश में बिकने वाले कुल यात्री वाहनों में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी 3 प्रतिशत से भी कम है। हालांकि भारत में इलेक्ट्रिक कारों का बाजार धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है और 2025 में इसकी बिक्री दोगुनी होने की संभावना जताई जा रही है।

नए मॉडल के लॉन्च और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के चलते यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए) के अनुसार, 2023 में भारत में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 82,688 यूनिट थी, जो 2024 में 19.93प्रतिशत बढ़कर 99,165 यूनिट तक पहुंच गई। हालांकि, कुल यात्री वाहनों की बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों की हिस्सेदारी केवल 2.4प्रतिशत रही। हुंडई के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग के अनुसार, चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार और नए मॉडल की बढ़ती संख्या से 2025 में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री दोगुनी हो सकती है।

उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक कारें भारतीय बाजार में बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। वर्तमान में, भारतीय इलेक्ट्रिक कार बाजार में टाटा मोटर्स का दबदबा है, जिसकी हिस्सेदारी 2024 में 62.01प्रतिशतरही। हालांकि, नए कंपनियों के प्रवेश से यह परिदृश्य बदल सकता है।

2025 में मारुति ई-विटारा, हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक, महिंद्रा बीई6 और किआ कैरेंस ईवी जैसी कई नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च होने वाली हैं।

# भारतीय बाजार में 78 लाख करोड़ की गिरावट

## - भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ पार किया था

**नई दिल्ली ।**

भारतीय बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) शुक्रवार को नीचे दिखा 400 लाख करोड़ रुपये से नीचे पहुंच गया। हालांकि, बाजार थोड़ा सुधरकर 400.2 लाख करोड़ रुपये पर रुका, जो इस साल का सबसे निचला स्तर है। भारत के एमकैप ने 10 अप्रैल को पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये का स्तर पार किया था और 29 सितंबर को यह 477.93 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर पहुंचा था। तब से बाजार पूंजीकरण में करीब 78 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई है। तेज गिरावट की मुख्य वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) द्वारा बिकवाली की गई निवेशों के पीछे है। एफपीआई ने इस वर्ष कुल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। तीसरी तिमाही के नतीजे कमजोर रह सकते हैं, जिससे बाजार में ताजा बिकवाली का सामना करना पड़ सकता है। लेकिन, यह खरीदारी के अवसर भी पैदा कर सकता है जिसमें मजबूत वृद्धि या सुधार की राह पर



बढ़ रही कंपनियाँ शामिल हो सकती हैं। बाजार का मार्केट कैप डॉलर में 4.6 लाख करोड़ डॉलर है, जो पिछले कुछ महीनों में करीब 1.2 लाख करोड़ डॉलर की कमी दर्ज की गई है। भारतीय बाजार अब मल्टीपल मूल्यांकन पर चुनौती खड़ी कर रहा है, जिससे निवेशकों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

# एनपीसीआई ने यूपीआई यूजर्स के लिए बढ़ाई राहत, अब रिफंड होगा जल्द

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए देश के करोड़ों यूपीआई यूजर्स के लिए राहत की खबर आगामी है। अब फेल होने वाले यूपीआई ट्रांजैक्शन या अटके हुए पैसों के रिफंड के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एक सर्कुलर के माध्यम से हाल ही में एनपीसीआई ने घोषणा की है कि नए नियमों के बैठक, चार्जबैक अनुरोधों की प्रक्रिया को ऑटोमेटेड कर दिया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार, लाभार्थी बैंकों द्वारा दाखिल किए गए ट्रांजेक्शन क्रेडिट कन्फर्मेशन (टीसीसी) या रिटर्न रिक्वेस्ट (आरईटी) के आधार पर चार्जबैक अनुरोध या तो ऑटोमेटेड रूप से स्वीकार या अस्वीकार कर दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित करेगा कि प्राथमिक ट्रांजेक्शन-रिलेटेड मुद्दों को तेजी से समाधान किया जा सके। इस ऑटोमेटेड प्रक्रिया की शुरुआत 15 फरवरी से हो गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो यूपीआई यूजर्स को फायदा पहुंचाएगा और उन्हें सुविधात्मक रूप से सेवाएं प्रदान करेगा। इस नई प्रक्रिया से चार्जबैक की प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता और दक्षता आएगी, जिससे सिस्टम में सुधार होगा।



# वेलेंटाइन डे के बाद चांदी 1 लाख के पार, सोना भी हुआ महंगा

**नई दिल्ली ।** फरवरी के महीने में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। एक ही दिन में चांदी की कीमत में 2,350 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई, इससे वह 1,00,600 प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। वेलेंटाइन डे के बाद सोने और चांदी की कीमतें और भी बढ़ गई हैं जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ रही हैं। भारत में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए प्रति ग्राम तक पहुंच गई है, जबकि 24 कैरेट सोने की दर 8,732 रुपए प्रति ग्राम हो गई है। वहीं चांदी की भी कीमत 100.60 रुपए प्रति ग्राम और 1,00,600 रुपए प्रति किलोग्राम है। यह अचानक बढ़ोतरी ने चांदी को 1 लाख के पार पहुंचा दिया है। विभिन्न शहरों में सोने की कीमतों में इजाफा होने से लोगों के मुताबिक सोने-चांदी की कीमतों में और बढ़ोतरी की संभावना है। नई दिल्ली में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। लखनऊ में 22 कैरेट सोने की कीमत 8,006 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,732 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। पटना में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,996 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,722 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। मुंबई में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है। कोलकाता में 22 कैरेट सोने की कीमत 7,991 रुपए, जबकि 24 कैरेट सोने के दाम 8,717 रुपये प्रति ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा है।

# एलआईसी ने तीसरी तिमाही में कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा

**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा 11,008 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते साल की समान तिमाही में 9,468.99 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी का कर के बाद मुनाफा 29,138 करोड़ रुपये रहा है, जो कि बीते वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,913 करोड़ रुपये पर था। यह सालाना आधार पर 8.27 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कंपनी ने 3,40,563 करोड़ रुपये का कुल प्रीमियम जुटाया है। इसमें सालाना आधार पर 5.51 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। कंपनी का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) सालाना आधार पर 10.29 प्रतिशत बढ़कर 54,77,651 करोड़ रुपये हो गया है। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह में एलआईसी की नए बिजनेस प्रीमियम आय (व्यक्तिगत) सालाना आधार पर 9.73 प्रतिशत बढ़कर 42,441 करोड़ रुपये रही है। एलआईसी के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा ध्यान और रणनीति एक गतिशील वातावरण में अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने उत्पाद और चैनल मिश्रण को बदलने की दिशा में लगातार बना हुआ है। मोहंती ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस (वीएनबी) मार्जिन बेहतर होकर 17.1 प्रतिशत हो गया है, जो कि बीते साल समान अवधि में 16.6 प्रतिशत था। इस दौरान वैल्यू ऑफ न्यू बिजनेस 6,477 करोड़ रुपये रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 5,938 करोड़ रुपये थी। मोहंती ने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को बीमा सखी योजना में पंजीकृत किया गया है और 70,000 से अधिक को बीमा सखी के रूप में नियुक्त किया है।

# बीते हफ्ते बाजार में रही दो महीने में सबसे बड़ी गिरावट

**मुंबई ।**

ट्रंप की टैरिफ नीतियों पर अनिश्चितता, मिश्रित कारपोरेट आय, निरंत एफआईआई बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट की वजह से बीते सप्ताह भारतीय बाजार में दो सप्ताह की बढ़त का सिलसिला टूट गया और ये दो महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो ताजा टैरिफ चिंताओं और विदेशी फंडों के निरंतर निकासी के बीच सोमवार को शुरुआती कारोबार में बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 343.83 अंक गिरकर 77,516.36 अंक पर खुला और 548.39 अंक गिरकर सप्ताह के निचले स्तर 77,311.80 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 105.55 अंक गिरकर 23,454.40 अंक पर खुला और 178.35 अंक गिरकर 23,381.60 पर बंद हुआ। स्मॉल और मिडकैप शेयरों में बड़ी बिकवाली के कारण मंगलवार को भी सेंसेक्स और निफ्टी में बड़ी गिरावट दिखी। सेंसेक्स 1,120.72 अंक गिरकर 76,191.08 पर खुला और 1,018.20 अंक गिरकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,293.60 पर बंद हुआ। निफ्टी 345.65 (अंक फिसलकर 23,035.95 के स्तर पर खुला और 309.80 अंक टूटकर 23,071.80 अंक पर बंद हुआ।




बुधवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 274.56 अंक की गिरावट के साथ 76,019.04 अंक पर खुला और 122.52 अंक की गिरावट के साथ 76,171.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 78.45 अंक फिसलकर 22,993.35 अंक पर खुला और एनएसई निफ्टी लगातार छठे दिन गिरावट के साथ 26.55 अंक गिरकर 23,045.25 पर बंद हुआ। लगातार गिरावट की मार झेल रहे निवेशकों के लिए गुरुवार की सुबह राहत भरी खबर लेकर आई। शुरुआती कारोबार में घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। इस दौरान सेंसेक्स 214.08 अंक बढ़कर 76,385.16 अंक पर खुला और 32.11 अंक गिरकर 76,138.97 पर बंद हुआ। निफ्टी 69.8 अंक चढ़कर 23,115.05 अंक पर खुला और 13.85 अंक गिरकर 23,031.40 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स 282.82 अंक या फिर 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,856.15 पर खुला और 199 अंक की गिरावट के साथ 75,939 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी50 134.20 अंक की गिरावट पर खुला और 102 अंक की गिरावट रही, ये 22,929 के स्तर पर बंद हुआ।

# फोर्टिस हेल्थकेयर श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करेगी

**मुंबई ।** फोर्टिस हेल्थकेयर ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी फोर्टिस हॉस्पिटल के माध्यम से श्रीमन सुपरस्पेशलिटी अस्पताल का अधिग्रहण करने पर विचार कर रही है। इस सौदे के तहत फोर्टिस हेल्थकेयर ने श्रीमन अस्पताल के पूरे व्यवसाय संचालन, अस्पताल की इमारत और अस्पताल की जमीन का अधिग्रहण करेगी है। कंपनी ने कहा कि यह लेन-देन पूरी तरह से नकद में होगा और कुल खरीद मूल्य लगभग 462 करोड़ रुपये है। इसमें स्टांप ड्यूटी और अन्य नियामक खर्च शामिल नहीं है। एफएचएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए कई अधिग्रहण कर रहे हैं और इस अधिग्रहण को हम एक अच्छा कदम मानते हैं क्योंकि कंपनी की पहले से ही पंजाब में मजबूत उपस्थिति है, जिससे हमें इस अस्पताल के अधिग्रहण से अधिक लाभ मिलेगा।

# बीएसएनएल ने चालू वित्त वर्ष में 262 करोड़ का मुनाफा कमाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 262 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। इस साल उनके निगम ने 17 साल बाद पहली बार मुनाफा दर्ज किया है। सरकार ने हाल ही में बीएसएनएल की 4जी सर्विस के विस्तार के लिए अत्यधिक 6,000 करोड़ रुपये आवंटित किया था। इससे कंपनी ने सेवाओं और ग्राहक बेस को बढ़ाने पर फोकस किया। कंपनी ने अपनी लागत और व्यय में कटौती की है जिससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में घाटे में कमी आई है। उनके मोबाइल सेवाओं में आमदनी में 15 फीसदी की वृद्धि हुई है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीएसएनएल के इस मुनाफे को एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया। उन्होंने यह भी बताया कि बीएसएनएल ने एबीआईटीडीए वित्त वर्ष 23-24 तक दोगुनी हो गई है, जिससे उनका अनुमानित राजस्व लगभग 2,100 करोड़ रुपये हो गया है। इन सभी नतीजों से साफ होता है कि बीएसएनल ने 4जी सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करके एक बड़ा कदम उठाया है और इससे कंपनी के लिए एक उज्जवल भविष्य की संभावना है।

# पीएम मोदी के अमेरिका दौरे को शीर्ष उद्योग संगठनों ने बताया ऐतिहासिक, व्यापार और निवेश में होगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।**

शीर्ष उद्योग संगठनों एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा को व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने में ऐतिहासिक बताया।

एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के निरंतर विश्वास और मजबूती का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा से कई ठोस परिणाम सामने आए हैं। इसमें रक्षा, आतंकवाद, जीवाश्म ईंधन और परमाणु ऊर्जा, दोनों देशों को कवर करने वाली ऊर्जा सुरक्षा, व्यापार और निवेश के अलावा भारत की मानव पूंजी का लाभ उठाने में सहयोग को मजबूत करना शामिल है। एक अन्य प्रमुख परिणाम, वर्ष के अंत तक एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को गति देने के लिए यूएस-भारत रोडमैप का विकास है।

वहीं फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार के अनुसार, यह यात्रा गहन आर्थिक सहयोग, व्यापार का विस्तार, निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के रूप में उभर रहा है। ये घटनाक्रम भारतीय निर्यातकों को नए मौके प्रदान करेगा। टेक्नोलॉजी, डिफेंस और ग्रीन एनर्जी पर ध्यान केंद्रित करने से विशेष रूप से भारत के निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। कुमार ने बढ़ते निवेश फोकस की सराहना की, जो भारत में नए उद्योगों और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा, मेक इन इंडिया पहल को गति प्रदान करेगा और भारतीय निर्यात की मांग को बढ़ाएगा।

फोकस क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी, स्वास्थ्य सेवा, कृषि और वस्त्र शामिल हैं, जिसका महत्वाकांक्षी लक्ष्य मिशन 500 के तहत 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार में 500 अरब डॉलर तक पहुंचना है। कुमार ने इस साल के अंत तक बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए प्रारंभिक समय-सीमा की सराहना की, जिसका उद्देश्य बाजार पहुंच बढ़ाना, व्यापार बाधाओं को कम करना और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन में सुधार करना है। फियो प्रमुख कुमार ने कहा, ये निवेश भारतीय निर्यातकों के लिए नए मौके पैदा करेगा और भारत को नवाचार तथा विनिर्माण के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। आईटी, एआई और 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर में सहयोग बढ़ाने पर मुख्य ध्यान दिया गया, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय तकनीकी व्यवसायों के लिए महत्वपूर्ण विकास संभावनाएं खुलेंगी।

# भारतीय शेयर बाजार में लगातार गिरावट से निवेशक चिंतित

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार में लगातार आठवें दिन गिरावट से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इस गिरावट से निवेशकों के 25.31 लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ नीतियों और वैश्विक ट्रेड वॉर की आशंका से बाजार की स्थिति और कमजोर हो गई है। विशेषज्ञों की राय बाजार के भविष्य को लेकर अब भी मिले-जुले संकेत दे रही है। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि कमजोर तिमाही नतीजों, रुपए में गिरावट और टैरिफ जैसे बाहरी फैक टर्स से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। इस हफ्ते लगातार आठ सत्रों में हुई बिकवाली से निवेशकों में चिंता है। अगले हफ्ते बाजार में तेजी आने पर दांव लगाने की भी संभावना है। बीएसई स्मॉलकैप इंडेक स में 3.24 फीसदी और मिडकैप इंडेक स में 2.59 फीसदी की गिरावट आई। बीएसई के क्षेत्रवार सूचकांकों में भी गिरावट देखने को मिली। इस दौरान सिर्फ आईटी क्षेत्र फायदे में रहा, जबकि बाकी सेक्टर में निकली गिरावट। निवेशकों के लिए आगे का माहौल अनिश्चित है और विशेषज्ञों की मान्यता है कि सावधानी बरतनी चाहिए।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुजरात जायंट्स को छह विकेट से हराया

**वडोदरा (एजेंसी)।** ऋचा घोष के नाबाद 64 रन और एलिस पेरी के 57 रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को वूमेंस प्रीमियर लीग के उद्घाटन मुकाबले में गुजरात जायंट्स को नौ गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। 202 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने मात्र 14 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान स्मृति मंधाना (नौ) और डेनिएल वायट (चार) रन बनाकर आउट हुई। दोनों ही बल्लेबाजों को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद एलिस पेरी और राघवी बिष्ट की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 86 रनों की साझेदारी हुई।

11वें ओवर में डिएंड्रा डॉटिन ने राघवी बिष्ट (25) का आउट कर आरसीबी को तीसरा झटका दिया। 13वें ओवर में सायली सातघरे ने एलिस पेरी को आउटकर गुजरात जायंट्स को चौथा झटका दिया। एलिस पेरी ने 34 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (57) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऋचा घोष और कनिका आहूजा ने आरसीबी की पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। आरसीबी ने 18.3 ओवर में चार विकेट पर 202 रन बनाकर छह विकेट से मुकाबला जीत लिया। ऋचा घोष ने 27 गेंदों में सात चौके और चार छक्के लगाते हुए (नाबाद 64) रनों की पारी खेली। कनिका आहूजा ने 13 गेंदों में चार चौके लगाते हुए (नाबाद 30) रन बनाये।गुजरात की ओर से एश्ली गार्डनर ने दो विकेट लिये। डिएंड्रा डॉटिन और सायली सातघरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की बेथ मूनी और लॉरा वुलफार्ट की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। लॉरा वुलफार्ट (छह) को बोल्ड कर रेणुका ने आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। दयालन हेमलता (चार) रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद कप्तान एश्ली गार्डनर ने मोर्चा संभाला। उन्होंने बेथ मूनी के साथ तीसरे विकेट के लिए 46रन जोड़े। बेथ मूनी तीसरे विकेट के रूप में 42 गेंदों में (56) रन बनाकर आउट हुई। डिएंड्रा डॉटिन ने 13 गेंदों में (25) रन बनाये। सिमरन शेख (11) रन बनाकर आउट हुई। एश्ली गार्डनर ने 37 गेंदों में तीन चौके और आठ छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में (नाबाद 79) रन बनाये। गुजरात जायंट्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 201 रनों का स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की ओर से रेणुका सिंह ने दो विकेट लिये। कनिका



आहूजा, जॉर्जिया वेयरहम और प्रमिला रावत ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इंटरनेशनल मास्टर्स लीग की वापसी, भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर, श्रीलंका के संगकारा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के उद्घाटन संस्करण में खेलने के बारे में बोलते हुए, इरफ़ान पठान ने कहा कि इंटरनेशनल मास्टर्स लीग एक ऐसा टूर्नामेंट है जो क्रिकेट के स्वर्ण युग को श्रद्धांजलि देता है। मैं लीग के सीज़न 1 में इंडिया मास्टर्स का प्रतिनिधित्व करने और उस्ताद सचिन तेंदुलकर और अन्य सहयोगियों के साथ खेलने के लिए रोमांचित हूं, जिनके साथ मैंने अतीत में कई सुखद और अनमोल क्षण साझा किए हैं। हम आईएमएल की मेजबानी कर रहे हैं, लेकिन मैं क्रिकेट प्रशंसकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम मैदान पर उदार नहीं होंगे। हम कठिन क्रिकेट का उत्पादन करेंगे और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।' खिताब जीतो।

**IMLT20 के लिए भारतीय मास्टर्स टीम**

सचिन (कप्तान), युवराज, रैना, रायडू, यूसुफ, इरफान, बिन्नी, कुलकर्णी, विनय कुमार, नदीम, राहुल शर्मा, ओझा, नेगी, गुरकीरत मान, मिथुन।

वहीं, कुमार संगकारा के नेतृत्व में श्रीलंका मास्टर्स कौशल और अनुभव में मास्टरक्लास का वादा करता है। खेल के राजदूत, संगकारा क्रमशः 2007 और 2011 में दो बार पचास ओवर के विश्व कप फाइनलिस्ट और 2014 में टी20 विश्व कप विजेता थे। उनके साथ श्रीलंका की 1996 विश्व कप विजेता टीम के तेजतर्रार ओपनर-कीपर रोमेश कालुविथराना भी शामिल होंगे।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : भारतीय टीम दुबई रवाना, 2-2 के बैच जाएंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत की सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम 19 फरवरी से शुरू होने वाली आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने के लिए मुंबई से दुबई के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम के ग्रुप ए के सभी मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होंगे, जबकि बाकी मैच पाकिस्तान में होंगे। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के दृश्यों में रोहित एंड कंपनी, सहयोगी कर्मचारियों के साथ, दुबई के लिए अपनी उड़ान लेने के लिए हवाई अड्डे में जांच कर रही थी।



आईएएनएस समझता है कि टीम की प्रारंभिक योजना दुबई के लिए 2-2 के बैच में रवाना होने की थी, लेकिन पिछले महीने जारी किए गए बीसीसीआई नीति दिशानिर्देशों में कहा गया था कि टीम अपने विदेशी दौरों के लिए एक साथ यात्रा करेगी, इसलिए टीम को मुंबई से 8 टीमों की प्रतियोगिता के लिए एक साथ रवाना होने का निर्णय लिया गया। चैंपियंस ट्रॉफी में, भारत को अपने तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की सेवाओं की काफी कमी खलेगी, जो पिछले महीने सिडनी में 5वें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी पीठ के निचले हिस्से की चोट से उबर रहे हैं।

तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को उनके प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया है, जबकि यशस्वी जयसवाल की कीमत पर कलाई के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भी शामिल किया गया है, जो मूल रूप से अनंतिम टीम में थे। जायसवाल अब मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे के साथ गैर-यात्रा विकल्प में से एक हैं। दो बार की चैंपियंस ट्रॉफी विजेता भारत 23 फरवरी को बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ने से पहले 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ अपने 2025 अभियान की शुरुआत करेगा। भारत अपना अंतिम ग्रुप ए मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारत की टीम-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, रवींद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

# चैंपियंस ट्रॉफी के रिकॉर्ड में कौन हैं हीरो, विराट कोहली या सचिन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली अपना जलवा बिखरने को तैयार हैं। कोहती बीते कई महीने से रन के लिए तरस रहे है। चंद रोज पहले इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में हुए आखिरी वनडे में उन्होंने जो अर्धशतक लगाया, उससे उनका आत्मविश्वास जरुर वापस आया होगा। 55 गेंद में 52 रन की पारी में कोहली ने सात चौके और एक छक्का भी जड़ा था। अपने करियर के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके कोहली 2013 में धोनी की चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन टीम का भी हिस्सा थे। वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कोहली तीसरे नंबर पर आते हैं। 297 मैच में उनके नाम 57.93 की औसत से 13,963 रन हैं। सिर्फ सचिन तेंदुलकर (463 मैच में 18,426 रन) और कुमार संगाकारा (404 मैच में 14.234 रन) बनाकर कोहली से आगे हैं। कोहली और तेंदुलकर की अक्सर तुलना भी होती रही है।



कोहली ने अपने पूरे करियर में चैंपियंस ट्रॉफी के कुल 13 मैच खेल चुके हैं। जहां 12 पारियों में उन्होंने 92.32 की स्ट्राइक रेट से 529 रन बनाए। छह बार वह नॉट आउट रहे। एक बार वे वह बिना खाता खोले भी आउट हो चुके हैं। 529 रन में से 124 रन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बनाए हैं, इन पारियों में विराट का औसत 62 और स्ट्राइक रेट 96.87 का रहा है। वहीं सचिन तेंदुलकर ने चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 16 मैच खेले हैं, इसमें उन्हें 14 बार बल्लेबाजी का मौका मिला। इन 14 पारियों में तेंदुलकर ने 36.75 की औसत और 78.75 की स्ट्राइक रेट से 441 रन बनाए हैं। दो मौकों पर सचिन नॉटआउट लौटे हैं। कोहली से सचिन के रिकॉर्ड की तुलना करने पर ये चीज भी माननी पड़ेगी कि तेंदुलकर ने अपने करियर में कहीं बेहतर गेंदबाजों का सामना किया है। टूर्नामेंट के इन 441 रन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 63 की औसत से 189 रन भी आए हैं।

कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में पांच अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन एक भी सेंचुरी नहीं ठोक सके। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 96 रन रहा है, जो 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ बर्मिंघम में बनाया था। जबकि सचिन तेंदुलकर के नाम एक शतक है। 14 पारियों में तेंदुलकर ने दो अर्धशतक बनाए हैं। सचिन का शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1998 में बांग्लादेश की मेजबानी में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में आया था। सचिन ने तब 128 गेंदों में 141 रन की तूफानी पारी खेली थी।

# अब विदेश दौरों में तय सीमा से अधिक वजन वाले सामान नहीं ले जा सकेंगे क्रिकेटर

मुम्बई ।अब विदेशी दौरों पर क्रिकेटर तय सीमा से अधिक वजन के सामान नहीं ले जा सकेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में विदेशी दौरे पर खिलाड़ियों द्वारा ले जाए जाने वाले सामान के वजन की सीमा 150 किलोग्राम तय कर दी है। इससे अधिक वजन होने पर खिलाड़ी को स्वयं ये खर्च उठाना पड़ेगा। बीसीआई ने ये कदम बढ़ते हुए खर्च पर नियंत्रण के साथ ही यात्रा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए उठाया है। हाल में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एक खिलाड़ी अनुमानित 27 बैग ले जाए गया था जिसका वजन 250 किलोग्राम से अधिक था। रिपोर्टों के मुताबिक, इन बैगों में केवल खिलाड़ी के निजी सामान के साथ ही उनके परिवार और स्टाफ के सदस्य का सामान भी शामिल था। इस पूरे खर्च को बीसीसीआई ने उठाया था। खिलाड़ी के परिवार के सदस्य पूरे दौरे के दौरान उनके साथ रहे, और ऐसे में बीसीसीआई को आने और जाने दोनो का खर्च उठाना पड़। इसके अलावा, सामान को दौरे के दौरान एक शहर से दूसरे शहर तक किलोग्राम तक के सामान का खर्च ही बोर्ड उठाएगा। इसके साथ खिलाड़ी अब विदेशी दौर में अपनी व्यक्तिगत यात्रा व्यवस्था नहीं कर पायेंगे और उन्हें टीम के साथ ही जिस भी माभेजने की जिम्मेदारी भी बीसीसीआई के पास थी।

# श्रीकांत बोले, बल्लेबाजी पर ध्यान देने विराट नहीं बने आरसीबी के कप्तान

मुम्बई ।भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी के प्रस्ताव को ठुकराया होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 सत्र के लिए रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान बनाया है। रजत को कप्तान बनाये जाने का स्वागत भी हुआ है पर विराट के प्रशंसकों का मानना था कि उन्हें फिर कप्तान बनाया जाना चाहिये था। इसी को लेकर श्रीकांत ने कहा कि विराट ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया होगा। श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट ने कप्तानी से मना कर दिया होगा। उन्होंने कहा होगा कि मैं बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। मुझे लगता है कि रजत को कप्तान बनाने का फैलसा विराट कोहली से बात क करने के बाद हुआ होगा। पाटीदार ने घरेलू क्रिकेट में मध्य प्रदेश की कप्तानी की है। श्रीकांत ने कहा कि रजत आईपीएल कप्तानी के लिए नए हैं, इसलिए उन पर अपेक्षाओं का बहुत अधिक दबाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, रजत एक अच्छा विकल्प हैं। वह आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करते रहे हैं। अच्छी बात यह है कि उनसे बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं होंगी। जब हमने 2007 में महेन्द्र सिंह धोनी को टी20 विश्व कप का कप्तान नियुक्त किया था, तो उनसे और टीम से बहुत ज्यादा उम्मीदें नहीं थीं। रजत को विराट कोहली का समर्थन और जरुरी सलाह मिलती रहेगी जिसका उन्हें लाभ होगा।



# न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती

**कराची (एजेंसी)।** विलियम ओरूर्क (चार विकेट), माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद डैरिल मिचेल (57) और टॉम लेथम (56 ) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को फाइनल मुकाबले में 28 गेंदे शेष रहते 243 रन बनाकर पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज अपने नाम कर ली।

242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में विल यंग (पांच) का विकेट गवां दिया। उन्हें नसीम शाह ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद केन विलियमसन (34) को आगा सलमान ने पगबाधा आउट किया। डेवन कॉन्वे (48) रन बनाकर आउट हुये। 39वें ओवर में अबरार अहमद ने डैरिल मिचेल (57) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट किया। 45वें ओवर की पहली गेंद पर शाहीन शाह अफरीदी ने टॉम लेथम को आउट कर पाकिस्तान को पांचवीं सफलता दिलाई। टॉम लेथम ने 64 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए (56)रनों की पारी खेली। न्यूजीलैंड ने 45.2 ओवर में पांच विकेट पर 243 रन पर बनाकर मुकाबला और त्रिकोणीय सीरीज अपने नाम कर ली। पाकिस्तान की ओर से नसीम शाह ने दो विकेट लिये। आगा सलमान, शाहीन शाह अफरीदी और अबरार अहमद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां नेशनल बैंक क्रिकेट एरेना में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। फखर जमान (10), सऊद शकील (आठ) और बाबर आजम (29)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद कप्तान मोहम्मद रिजवान ने आगा सलमान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 98 रनों की साझेदारी हुई। 32वें ओवर में ओरूर्क ने रिजवान को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 76 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (46) रन बनाये। इसके 37वें ओवर में माइकल ब्रेसवेल ने आगा सलमान को आउट कर पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान ने 65 गेंदों में एक चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रन बनाये। तय्यब ताहिर 33 गेंदों में (38) रन बनाकर आउट हुये। फहीम अशरफ (22) और नसीम शाह (19) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान की पूरी टीम 49.3 ओवर में 242 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने चार विकेट लिये। माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सैंटनर को दो-दो विकेट मिले। जेकब डफी और नेथन स्मिथ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।




# पोलार्ड की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं उनके बेटे कैडेन




जमैका ।वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड के बेटे कैडेन पोलार्ड भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पोलार्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने बेटे कैडेन की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कैडेन हाथ में बल्ला और हेलमेट लिए नजर आये हैं। पोलार्ड ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि उनके बेटे ने एक शतक बनाया है। पोलार्ड ने ही कहा कि उनके बेटे कैडेन ने 85 गेंदों में 135 रन बनाये हैं। कैडेन ने ये शतक लगाकर अपनी नॉर्थ टीम को टीटी क्रिकेट बोर्ड को अंडर-15 इंटरजोन यूथ टूर्नामेंट में टोबैगो पर 159 रन से बड़ी जीत दिलाई। कैडेन ने इस दौरान कई ऐसे शॉट्स लगाए, जिसने उनमें पिता कीरोन की झलक नजर आयी। कैडेन अपने पिता कायरन पोलार्ड के साथ कई बार अभ्यास करते हुए नजर आए हैं। कैडेन को कई बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस के नेट्स में अभ्यास भी करते हुए देखा गया है। मुंबई ने अपने सोशल मीडिया पर कैडेन की बैटिंग का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें देखा जा सकता है कि वो अपने पिता कायरन की गेंदबाजी पर बड़े शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। पोलार्ड खेल से संन्यास के बाद अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से जुड़े हैं। पोलार्ड आईपीएल के अलावा विश्व की दूसरी फेंचाइजी लीग में भी खेलते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस की ओर से पांच सत्र खेले थे। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की की जीत में उनकी अहम भूमिका रही है।

# सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बाबर, - विराट कोहली को पछाड़ा


नई दिल्ली ।पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने शुक्रवार को एक और उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने 123 पारियों में वनडे क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर हाशिम अमला के रिकॉर्ड की बराबरी की। बाबर ने 29 रनों की पारी के दौरान यह रिकॉर्ड हासिल किया और इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। बाबर का यह 126वां वनडे मैच था, और उन्होंने अब तक 6019 रन बनाए हैं, जिनमें 9 शतक भी शामिल हैं। बाबर आजम का यह रिकॉर्ड उनकी लगातार शानदार फॉर्म का प्रतीक है, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट से पहले। इस पारी से पहले पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने शतक जड़े थे, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। बाबर की 29 रन की पारी ने भले ही मैच के परिणाम पर बड़ा असर न डाला हो, लेकिन उनकी उपलब्धि क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गई है। इस रिकॉर्ड से बाबर आजम ने विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट कोहली ने यह आंकड़ा 136 पारियों में हासिल किया था, और अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। हाशिम अमला और बाबर आजम दोनों ने यह रिकॉर्ड 123 पारियों में पूरा किया है। बाबर आजम का करियर पिछले 10 सालों में शानदार रहा है, और इस समय तक उन्होंने 6019 रन बनाए हैं। अब वह सबसे तेजी से 6000 रन बनाने वालों की लिस्ट में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। विराट कोहली इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि तीसरे स्थान पर केन विलियमसन और डेविड वॉर्नर का नाम है, जिन्होंने 139-139 पारियों में यह आंकड़ा छुआ था। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 463 मैचों में 18426 रन बनाए हैं। कुमार संगकारा (14234 रन) और विराट कोहली (13963 रन) इस सूची में क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# पाकिस्तान-न्यूजीलैंड फाइनल मैच में चील का शिकार होते-होते बची बिल्ली



कराची ।पाकिस्तान को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के फाइनल में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस इस में पाक टीम टीम न्यूजीलैंड के सामने टिक नहीं पायी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक टीम पहले बल्लेबाज करते हुए 242 रन ही बना पायी। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य पांच विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम की बल्लेबाजी के दौरान ही अचानक एक एक काली बिल्ली मैदान में आ गयी। इस कारण मैच कुछ देर के लिए रुक गया। बिल्ली मैदान से बाहर जा ही रही थी कि लोगों को एक चील आसमान में दिखी। उस चील ने बिल्ली पर झपट्टा मारने का प्रयास किया। दर्शकों भी दिल थामकर ये देख रहे थे। चील बिल्ली को पकड़ने के काफी करीब पहुंच गयी थी पर बिल्ली किसी प्रकार उसका शिकार होने से बच गयी। बहरहाल चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले त्रिकोणीय सीरीज में मिली हार से पाक टीम को करारा झटका लगा है। खिताबी मुकाबले में पाक बल्लेबाज न्यूजीलैंड के विलियम ओरूर्के के सामने टिक नहीं पाये। विलियम ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं बल्लेबाजी में डेरिल मिचेल और टॉम लैथम ने अर्धशतक लगाए। इस मैच में पाक गेंदबाज प्रभावी नहीं रहे। शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और मोहम्मद हसनैन की गेंदबजी में विविधता और लाइन लैंथ की कमी दिखी। उसके गेंदबाजों को पिच से सहायता नहीं मिली।

# नंबर वन टेनिस प्लेयर जैनिक सिनर डोपिंग में फंसे, लगा इतने महीनों का बैन



**मॉन्ट्रियल (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी जैनिक सिनर ने विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के एक स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने सिनर को मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल, एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए दो बार सकारात्मक परीक्षण करने के बाद बिना किसी गलती या लापरवाही के दोषी पाया था।

विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने पुष्टि की है कि उसने इतालवी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर के मामले में एक केस समाधान समझौते में प्रवेश किया है, जिसमें खिलाड़ी ने डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन के लिए 3 महीने की अयोग्यता की अवधि स्वीकार कर ली है, जिसके कारण उसे मार्च 2024 में क्लोस्टेबोल, एक प्रतिबंधित पदार्थ के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था। वाडा के बयान में कहा गया है।

सिनर के अनुसार- यह पदार्थ एक सपोर्ट स्टाफ सदस्य के संपर्क में आने के बाद उनके सिस्टम में प्रवेश कर गया, जो 'ओवर द काउंटर स्प्रे' लगा रहा था, जिसमें क्लोस्टेबोल का मामूली स्तर था और उक्त सपोर्ट स्टाफ सदस्य द्वारा बार-बार मालिश करने से संदूषण हो गया। बयान में कहा गया है कि वाडा स्वीकार करता है कि सिनर का धोखाधड़ी करने का इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से कोई प्रदर्शन-बढ़ाने वाला लाभ नहीं मिला और यह उसके दल के सदस्यों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ।

जनवरी में 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने वाले सिनर को 9 फरवरी से 4 मई तक तीन महीने का प्रतिबंध झेलना होगा, 4 दिन पहले ही अनंतिम निलंबन के तहत सेवा दी जा चुकी है, और उन्हें 13 अप्रैल से प्रशिक्षण पर लौटने की अनुमति दी जाएगी। 4 मई को उनकी वापसी से उन्हें रोलांड गैरोस में सीज़न के दूसरे ग्रैंड स्लैम में भाग लेने की अनुमति मिल जाएगी, जो फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है, जो 19 मई से 8 जून तक पेरिस, फ्रांस में होगा।

समझौते की शर्तों के तहत, सिनर 9 फरवरी, 2025 से 4 मई, 2025 को रात 11:59 बजे तक अपनी अपात्रता की अवधि पूरी करेगा (जिसमें एथलीट द्वारा पहले दिए गए चार दिनों का क्रेडिट शामिल है, जबकि वह अनंतिम निलंबन के तहत था)। कोड अनुच्छेद 10.14.2 के अनुसार, सिनर 13 अप्रैल, 2025 से आधिकारिक प्रशिक्षण गतिविधि में वापस आ सकता है। मामले के समाधान समझौते के प्रकाश में, वाडा ने औपचारिक रूप से कहा है CAS से अपनी अपील वापस ले ली।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com



# टीजर के साथ सामने आया विजय की अगली फिल्म का नाम, एक्शन और स्टंट करते नजर आए एक्टर

विजय देवरकोंडा की फिल्म, जिसे अस्थाई रूप से वीडी 12 कहा जा रहा था, उसके टाइटल का खुलासा हो गया है। दरअसल, आज बुधवार को फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। इसी में फिल्म के टाइटल से परदा उठा है। और फिल्म का नाम है, किंगडम। यह फिल्म इसी साल मई में रिलीज होगी।

## विजय ने दिखाया एक्शन

आज जारी हुए टीजर में विजय देवरकोंडा एक्शन का दम दिखाते नजर आए हैं। टीजर करीब एक मिनट 55 सकेंड का है। जैसा की इसका नाम है किंगडम, फिल्म की कहानी भी वैसी है। टीजर सितारा एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्नानुरी ने किया है।
विजय देवरकोंडा ने साझा किया पोस्ट
टीजर में विजय देवरकोंडा जेल में कैद नजर आए हैं। यह फिल्म 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। विजय देवरकोंडा ने भी पोस्ट साझा कर फिल्म के टाइटल का जिक्र फैंस से किया है। उन्होंने लिखा है, फिल्म का नाम किंगडम है। सवाल, गलतियां, रक्तपात और नियति...।

## यूजर्स ने दी प्रतिक्रिया

टीजर पर यूजर्स की प्रतिक्रिया आ रही हैं। टीजर हिंदी भाषा में भी जारी हुआ है। बता दें कि फिल्म के हिंदी वर्जन में रणबीर कपूर आवाज दे रहे हैं। यूजर्स को उनका अंदाज पसंद आ रहा है। इस फिल्म को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। सिनेमाघरों के बाद यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# श्रीलीला के हाथ लगी अनुराग बसु की फिल्म!

श्रीलीला कई फिल्मों के जरिए अपनी खास पहचान बना चुकी हैं। अब खबर है कि वह बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसका पहले नाम आशिकी 3 बताया जा रहा था। हालांकि, अब फिल्म का नाम आशिकी 3 नहीं है, क्योंकि इस शीर्षक पर विवाद जारी है। ऐसे में फिल्म के शीर्षक को लेकर आधिकारिक एलान होना बाकी है। वहीं, अब फिल्म की मुख्य नायिका को लेकर दिलचस्प जानकारी सामने आई है।

## तृप्ति थीं फिल्म के लिए पहली पसंद

इससे पहले खबर थी कि फिल्म में अभिनेत्री तृप्ति डिमरी की लिया गया था। हालांकि, बाद में कुछ कारणों से फिल्म से बाहर हो गईं। तृप्ति के फिल्म से बाहर होने को लेकर कई धारणाएं बनाई गईं कि किरदार के मासूम चेहरे की मांग के कारण तृप्ति को बाहर किया गया है, क्योंकि वह रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल में अपने प्रदर्शन के कारण फैंस के बीच बोल्ड इमेज बना चुकी हैं। हालांकि, अनुराग बसु ने इन बातों का खंडन करते हुए कहा था कि ये बातें सच नहीं हैं और तृप्ति भी यह जानती हैं।
फिल्म की अभिनेत्री बनीं श्रीलीला
अब फिल्म के लिए नई अभिनेत्री को चुन लिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, निर्देशक अनुराग बसु की मुख्य महिला अभिनेत्री की तलाश आखिरकार श्रीलीला पर आकर रुकी। प्रोडक्शन से जुड़े एक करीबी सूत्र का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके पास गया था और वह अपनी दूसरी बॉलीवुड फिल्म का हिस्सा बनने के लिए बेहद उत्साहित हैं। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद से यह फिल्म चर्चा में थी, जिसके कारण फिल्म की टीम ही जानती है।

## टीम जल्द करेगी आधिकारिक घोषणा

अनुराग बसु की अगली फिल्म पहले से ही काफी चर्चा बटोर रही है और कलाकारों के बारे में अटकलें केवल उत्साह को बढ़ाती हैं। ऐसा कहा जा रहा है कि साउथ इंडस्ट्री की सेंसेशन श्रीलीला को कार्तिक आर्यन के साथ जोड़ा जाएगा। यह एक दिलचस्प जोड़ी होगी, जिसे देखना दिलचस्प होगा। श्रीलीला अपने करियर में इस नए रोमांटिक रोमांच की शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं, जबकि उनकी टीम जल्द ही एक भव्य घोषणा करने के तरीकों की तलाश कर रही है।





# अगली फिल्म में प्रभास के साथ नजर आएंगे अनुपम खेर



अनुपम खेर के हाथ एक और फिल्म लगी है। वे साउथ सुपरस्टार प्रभास के साथ इसमें काम करेंगे। यह जानकारी खुद अनुपम खेर ने साझा की है। मूल रूप से साउथ की इस फिल्म को मैत्री मूवीज के बैनर तले बनाया जाएगा। वहीं, इसके निर्देशन की कमान भी साउथ के लोकप्रिय निर्देशक हनु राव राघवपुडी के हाथ है। अनुपम खेर की यह 544वीं फिल्म है। अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से प्रभास के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ लिखा है, अनाउंसमेंट- यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मेरी 544वीं फिल्म भारतीय सिनेमा के बाहुबली प्रभास के साथ है! फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं है। इस फिल्म को बेहद प्रतिभाशाली निर्देशक हनु राव राघवपुडी निर्देशित करेंगे। अनुपम खेर ने आगे लिखा है, इस फिल्म को मैत्री मूवीज के शानदार निर्माताओं की टीम बनाएगी। कमाल की कहानी है!! और क्या चाहिए लाइफ में दोस्तों! जय हो! अनुपम खेर के पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और उन्हें बधाई दे रहे हैं।

# महेश बाबू के लिए बोलीं शिल्पा शिरोडकर

भारतीय तेलुगु फिल्म अभिनेता महेश बाबू को उनकी शानदार फिल्मों और एक्शन सीन को लेकर चर्चा होती रहती है। महेश बाबू का शिल्पा शिरोडकर से भी रिश्ता है। शिल्पा की बहन नम्रता शिरोडकर महेश बाबू की पत्नी हैं। शिल्पा ने अब महेश बाबू को लेकर कुछ बातें कही हैं।

## बहुत हार्ड वर्क करते हैं

शिल्पा शिरोडकर ने भारती सिंह के पॉडकास्ट में कहा, वाकई उसकी उम्र कम हो रही है। इतना ही नहीं, सच में महेश सबसे अच्छे एक्टर हैं। वह बहुत ज्यादा हार्ड वर्क करते हैं। सभी अभिनेता हार्ड वर्क करते हैं, लेकिन मैं महेश का काम देखती हूं इसलिए कह सकती हूं।

## वो दिन में दो बार वर्कआउट करते हैं

शिल्पा ने कहा, महेश को वे बहुत करीब से जानती हैं इसलिए कह सकती हैं कि वह दिन में दो बार वर्क आउट करते हैं। वे घर का साधारण सा खाना ही पसंद करते हैं। ये जो भी है, सब अपने माइंड और हार्ट का खेल है। शिल्पा ने बताया कि महेश बाबू को पार्टी करना भी पसंद नहीं है।



# नागार्जुन ने शोभिता को दिया तंडेल की सफलता का श्रेय

नागा चैतन्य की फिल्म तंडेल को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे उनके पिता नागार्जुन बेहद खुश हैं। फिल्म को मिल रही जबर्दस्त प्रतिक्रिया पर उन्होंने बेटे की पीठ थपथपाई है। साथ ही इसका श्रेय बहुरानी शोभिता धुलिपाला को भी दिया है। नागार्जुन का कहना है कि यह इसलिए संभव हुआ क्योंकि नागा ने शोभिता से शादी की।

## शोभिता को दिया सफलता का श्रेय

फिल्म तंडेल 07 फरवरी को रिलीज हुई। इसे काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में फिल्म की सफलता का जश्न मनाते हुए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नागा चैतन्य के अलावा उनकी पत्नी शोभिता धुलिपाला और पिता नागार्जुन भी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि फिल्म के लिए नागा चैतन्य ने जमकर मेहनत की। साथ ही कहा कि इसके पीछे शोभिता का भी हाथ रहा है।

## शोभिता हमेशा से खास हैं

नागार्जुन बेटे की फिल्म की सफलता की खुशी पर बात करते हुए भावुक हो गए। उन्होंने शोभिता को शुक्रिया कहा। साथ ही बताया कि बेटे को मिल रही इस अपार सफलता के पीछे की एक अहम वजह शोभिता हैं। नागार्जुन ने नागा चैतन्य से कहा, यह सफलता शोभिता से आपकी शादी होने की वजह से है। शोभिता हमेशा खास हैं! आगे उन्होंने शोभिता से कहा, आपने चैतन्य के लिए जो किया है, वह शानदार है। आपने उनके अंदर के अभिनेता को बाहर निकाला है। इसके अलावा नागार्जुन ने दर्शकों और फैंस का भी शुक्रिया अदा किया, जिनकी वजह से यह सफलता हासिल हो सकी। उन्होंने फिल्म निर्माता चंदू मोंडेती, निर्माता बनी व्यास, संगीतकार देवी श्री प्रसाद और नागा चैतन्य के साथ नजर आईं साई पल्लवी सभी का शुक्रिया अदा किया।





# अजय देवगन के साथ रिश्ते को लेकर बोले डायरेक्टर अनुभव

**डायरेक्टर अनुभव सिन्हा ने हाल ही में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि फिल्म कैश के दौरान उनकी और अजय देवगन की आखिरी बार बात हुई थी। फिल्म को रिलीज हुए 18 साल का समय हो गया है, लेकिन अजय और अनुभव की कभी आपस में बात नहीं हुई। डायरेक्टर ने दोनों के बीच बातचीत बंद होने का कारण बताया है।**

## अनुभव ने अजय से बात न होने का कारण बताया

अनुभव सिन्हा कहा, 'हमारे बीच कभी कोई लड़ाई नहीं हुई। वह बस मुझसे बात नहीं करते और मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों है। फिल्म कैश की मेकिंग के बाद से, हम एक-दूसरे से मिले भी नहीं हैं। शायद वो मुझे इग्नोर करते हैं या उनके मन में कुछ और भी हो सकता है। मैंने उन्हें दो-तीन बार मैसेज भी किए, लेकिन उनकी तरफ से कभी कोई जवाब नहीं मिला। इसलिए मैंने खुद से सोच लिया कि शायद वह भूल गए होंगे या उन्होंने मेरा मैसेज देखा ही नहीं होगा। लेकिन, हमें बात किए हुए लगभग 18 साल हो गए हैं।'

## हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ

डायरेक्टर से पूछा गया कि फिल्म की शूटिंग के समय उनके बीच कोई विवाद हुआ था? जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा– नहीं, हमारे बीच कभी कोई विवाद नहीं हुआ था। हां, उस समय प्रोड्यूसर और फाइनेंसर के बीच विवाद हुआ था।

## यारों के यार हैं अजय देवगन

डायरेक्टर अनुभव ने अजय की तारीफ करते हुए कहा– अजय मेरे पसंदीदा कलाकारों में से एक थे। मैं उन्हें एक कलाकार और एक व्यक्ति के रूप में पसंद करता था। उनके साथ रहना और काम करना मुझे अच्छा लगता था। वह यारों के यार जैसे हैं। अजय हमेशा जरूरत पड़ने पर दोस्त की मदद के लिए सबसे पहले खड़े रहते हैं।



# जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार होगा जल्द खत्म

जूनियर एनटीआर और प्रशांत नील की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एनटीआर 31' की घोषणा बहुत पहले ही कर दी गई थी, लेकिन कुछ कारणों से इसकी शूटिंग शुरू नहीं हो सकी। हालांकि, अब ऐसा लग रहा है कि जूनियर एनटीआर के फैंस का इंतजार जल्द ही खत्म होगा। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक अहम अपडेट सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जूनियार एनटीआर के इस आगामी प्रोजेक्ट का पहला शेड्यूल अगले हफ्ते विकाराबाद फॉरेस्ट में शुरू होने वाला है। इस फिल्म का नाम नाम 'ड्रैगन' बताया जा रहा है, रिपोर्ट्स बताती हैं कि इसके शुरुआती सीन जूनियर एनटीआर के बिना शूट किए जाएंगे। अभिनेता फिलहाल अपनी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'वॉर 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं, हालांकि, निर्माताओं की ओर से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म में रुक्मिणी वसंत को फीमेल लीड रोल में नजर आ सकती हैं, टोविनो थॉमस कथित तौर पर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, फिल्म 9 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

